रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, शनिवार 25 जनवरी 2025, वर्ष 10, अंक 371 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

**संक्षिप्त खबर**

## ओरमांझी में कांड करने वाला TSPC का एरिया कमांडर सहित दो गिरफ्तार



रांची : राजधानी रांची की पुलिस ने TSPC संगठन के मोस्ट वांटेड उग्रवादी एरिया कमांडर विक्रांत को गिरफ्तार किया है। विकान्त का असली नाम संजीत गिरी उर्फ सजीत दास है। उसके साथ ही संगठन के लिये अन्य काम करने वाला मनी कुमार भी धरा गया। पुलिस ने गिरफ्तार विक्रांत के पास से एक देशी पिस्टल, चार जिंदा गोलियां, एक स्कूटी, मोबाइल और अन्य सामान जब्त किया है। वहीं, मनी कुमार के पास से एक लैपटॉप, मोबाइल और राउटर सहित कई सामान बरामद किये गये हैं। इस बात का खुलासा आज DIG सह रांची के पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने किया। पुलिस कप्तान ने मीडिया को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ओरमांझी थाना क्षेत्र के गुंजा स्थित एक क्रशर प्लांट के आसपास 3-4 उग्रवादी बाइक-स्कूटी से घूम रहे हैं। किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। मिली इंफॉर्मेशन पर रुरल SP सुमित कुमार के नेतृत्व और सिल्ली DSP अनुज उरांव की देखरेख में टीम गठित की गयी। गठित टीम ने बताये गये ठिकाने पर धावा बोला और मोस्ट वांटेड उग्रवादी एरिया कमांडर विक्रांत को धर दबोचा। विक्रांत वहां कांड करने से पहले रेकी करने पहुंचा था।

## अंजनी कुमार मिश्र ने अधिकारियों व कर्मियों को मतदाता शपथ दिलाई।



प्रति वर्ष 25 जनवरी को मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक व्यक्ति को मतदान का अधिकार प्राप्त है। निर्वाचन की गरिमा को अग्रणी रखते हुए निर्भीक होकरए धर्मए वर्गए जातिए समुदायए भाषा अथवा किसी भी अन्य प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करना चाहिए। मतदाता दिवस का उद्देश्य लोगों को मतदान में अधिकतम भागीदारी हेतु जागरूक करना है।

## महाराष्ट्र में सेना की हथियार फैक्ट्री में धमाका, 8 मौतें: 13 लोगों का रेस्क्यू किया



**भंडारा** महाराष्ट्र के भंडारा में सेना की हथियार फैक्ट्री में शुक्रवार सुबह करीब 10:40 बजे धमाका हुआ। हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 5 घायल हैं।

फैक्ट्री प्रबंधन ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि धमाके के बाद फैक्ट्री में फंसे सभी 13 लोगो को निकाल लिया गया है। इनमें 5 घायल हैं, जिन्हें जरूरी मेडिकल सपोर्ट दिया जा रहा है। धमाका फैक्ट्री की LTPE बिल्डिंग नं. 23 में धमाका हुआ था। इसकी की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है।

# केंद्र सरकार से मिली राशि का ससमय उपयोगिता प्रमाण पत्र दें: मुख्य सचिव



**रांची**। पूंजी निवेश के लिए राज्यों को दी जानेवाली विशेष सहायता योजना के तहत झारखंड को मिली राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को ससमय देने का निर्देश मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सभी संबंधित विभागों के सचिवों को दिया है। उन्होंने कहा कि खर्च की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण ससमय देने से उस मद में बची राशि पर दावा मजबूत होगा। साथ ही वित्तीय अनुशासन के साथ ससमय योजना पूरी करने वाले राज्य के रूप में भी हमारी पहचान बनेगी।गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत राज्यों को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त कर्ज दिया जाता है। मुख्य सचिव शुक्रवार को स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट (एसएएससीआई) को लेकर संबंधित विभागों के सचिवों के साथ समीक्षा कर रही थीं।

समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव को बताया गया कि वित्तीय वर्ष, 2023-24 में झारखंड को केंद्र सरकार द्वारा 5255.14 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जिसमें से अभी तक 4580.62 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य द्वारा 4302 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केंद्र सरकार को समर्पित किया गया है, जिसके विरुद्ध 2763 करोड़ रुपये के प्रस्ताव की स्वीकृति केंद्र सरकार ने दे दी है। वहीं प्रस्ताव के तहत 1233 करोड़ रुपये की राशि झारखंड को मिल भी चुकी है।

बताया गया कि इसके अतिरिक्त भी राज्य लगभग 1250 करोड़ रुपये का दावा एसएएससीआई के विभिन्न हिस्सों के लिए कर सकता है।

बताया गया कि अगर केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य हुआ, तो एसएएससीआई के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 4600 करोड़ रुपये की अधिप्राप्ति केंद्र सरकार से संभावित है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि झारखंड में यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 162.94 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है। उसके प्रथम किश्त के रूप में राज्य को 81.47 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं।

**अगर केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य हुआ, तो एसएएससीआई के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 4600 करोड़ रुपये की अधिप्राप्ति केंद्र सरकार से संभावित है।**

अब उद्योग विभाग को प्राप्त राशि का 75 प्रतिशत खर्च करने का उपयोगिता प्रमाण पत्र देना है, उसके बाद ही इस मद की शेष राशि केंद्र सरकार से मिलेगी। नेतरहाट, तिलैया एवं तेनूघाट डैम सौंदर्यीकरण के लिए 214.94 करोड़ रुपये का प्रस्ताव राज्य ने समर्पित किया है। तिलैया डैम के लिए केंद्र सरकार ने 34.87 करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी है।

बताया गया कि डैमों के सौंदर्यीकरण योजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा कुछ जानकारी तलब की गई है, उसके लिए पर्यटन विभाग को तत्संबंधी कार्रवाई के लिए कहा गया है। वहीं वर्किंग वुमेन हॉस्टल निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा राज्य को 163 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। इसके तहत झारखंड में कुल 8 हॉस्टल का निर्माण होना है। भारत सरकार द्वारा दो हॉस्टल को लेकर कुछ जानकारी मांगी गयी है, जिसे उद्योग विभाग को उपलब्ध कराना है। समीक्षा के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि एसएनए स्पर्श के तहत राज्य सरकार केंद्र सरकार से 31 जनवरी 2025 तक 250 करोड़ रुपये का क्लेम कर सकती है।

## क्रिप्टो करेंसी पर अधिक रिटर्न का वादा कर ठगे 350 करोड़



**नई दिल्ली** : सीबीआई ने 350 करोड़ रुपए से अधिक के क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन पर हाई रिटर्न देने का वादा करते हुए लोगों को डिजिटल करेंसी पोंजी स्कीम के माध्यम से ठगने के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में सीबीआई ने सात राज्यों में 10 ठिकानों पर छापेमारी की। जहां से 34 लाख रुपए नकद और क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में 38,414 अमेरिकी डॉलर की डिजिटल वर्चुअल संपत्ति, सात मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, तीन हार्ड डिस्क और 10 पेन ड्राइव समेत अन्य आपत्तिजनक डिजिटल सबूत और उपकरण बरामद किए।

**अलग-अलग राज्यों से ऑपरेशन** सीबीआई ने बताया कि इस मामले में आईपीसी की धारा-420, 120 बी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66-डी के तहत मामला दर्ज किया। मामले में सात आरोपी अलग-अलग राज्यों से इस संगठित साइबर अपराध को ऑपरेट कर रहे थे। इनमें दिल्ली, झारखंड, पंजाब, मध्य प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और राजस्थान राज्य शामिल हैं। जहां आरोपी दिल्ली, हजारीबाग, बठिंडा, रतलाम, वलसाड, पुदुक्कोट्टई और चित्तौड़गढ़ शहरों से निवेशकों को ठगने का धंधा चला रहे थे।

**निवेश करने पर हाई रिटर्न का वादा** आरोपी व्यक्ति लोगों को क्रिप्टोकरेंसी का निवेश करने पर हाई रिटर्न का वादा कर रहे थे। जिसमें वह लोगों को ठगने के लिए विभिन्न पोंजी और धोखाधड़ी वाली योजनाएं सक्रिय रूप से चला रहे हैं। इस तरह से यह आरोपी लोगों को झूठी, भ्रामक और लुभाने वाली जानकारी देकर निवेशकों से उनकी खून-पसीने की कमाई को ठग रहे थे। सीबीआई ने बताया कि आरोपी इन पोंजी स्कीमों को कई सोशल मीडिया ग्रुपों पर वायरल करते हुए लोगों तक अपनी पहुंच बना रहे थे। सीबीआई ने इस मामले में कई बैंक खातों के लेनदेन और क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट की जांच की।

## *2024 बैच के आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों ने सीएमपीडीआई का दौरा किया*



***रांची**: भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2024 बैच के 16 प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपने ''पेशेवर/व्यावसायिक पाठ्यक्रम'' के प्रथम चरण के हिस्से के रूप में शुक्रवार को सीएमपीडीआई के ''भूविज्ञान संग्रहालय'' का दौरा किया और (मुख्यालय), रांची में सीएमपीडीआई टीम के साथ बातचीत भी की।*

*इंटरएक्टिव सत्र में, भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्र के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में सीएमपीडीआई और कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जाना और सतत् विकास गतिविधियों, अनुसंधान एवं विकास, स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरणीय गतिविधियां, सीएसआर एवं कोयला खनन से जुड़ी विभिन्न प्रौद्योगिकियों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सीएमपीडीआई द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं से भी स्वयं को परिचित किया।*

*भूविज्ञान संग्रहालय के माध्यम से भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भूवैज्ञानिक संरचनाओं, भू-आकृतियों आदि, आभासी वास्तविकता (वर्चुअल रियलिटी) और संवर्द्धित वास्तविकता (ऑगमेंटेड रियलिटी) का अनुभव, भूमिगत एवं खुली खदान खनन संचालन, मूल डायनासॉर जीवाश्म, विभिन्न नमूनों की होलोग्राम छवि आदि का अवलोकन किया।*

*इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राणा, महाप्रबंधक (टीएस/पीआर) संजय कुमार दुबे, संस्थान के अन्य महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का समाधान किया।*

## देश के कई टोल प्लाजा पर नकली पर्ची और कम मेनपावर का खेल, NHAI का खुलासा

**उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ ने नई दिल्ली के अतरौला टोल प्लाजा पर छापा मारते हुए करीब 200 टोल प्लाजाओं में टैक्स कलेक्शन में धांधली का पर्दाफाश किया है। टोल प्लाजा पर दिखाए गए मैनपावर से काफी कम मैनपावर लगाने की भी जांच की जा रही है।**



**नई दिल्ली**: उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ ने जिस तरह से नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) के अतरौला टोल प्लाजा पर छापा मारकर देश में करीब 200 टोल प्लाजा टोल टैक्स कलेक्शन में बड़ी धांधली करने का पर्दाफाश किया। सूत्रों का कहना है कि इसी तरह की एक और धांधली देशभर में कई टोल प्लाजा में की जा रही है। जानकारी के अनुसार, टोल प्लाजा को मैनेज करने के लिए कागजों में जो मैनपावर दिखाई जाती है, असल में ग्राउंड पर उसका 20 से 30 फीसदी ही मैनपावर लगाई जा रही है। **यूपी एसटीएफ ने दिए जांच के आदेश** मामले में NHAI के एक वरिष्ठ अधिकारी से बात की गई। उन्होंने बताया कि यूपी एसटीएफ द्वारा की गई कार्रवाई में टोल प्लाजा में जो NHAI जैसा सॉफ्टवेयर लगाकर उनसे बिना फास्टैग गाड़ी वालों से डबल टोल टैक्स लेने के लिए नकली पर्ची दी जा रही थी। इस मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। मामले में शनिवार को एक मीटिंग भी की जा रही है। इस बैठक में इस तरह की तमाम गड़बड़ियों को रोकने और टोल का ठेका लेने वाली आरोपी कंपनियों के उपर भारी पेनल्टी लगाने समेत उन्हें ब्लैक लिस्ट भी किया जाएगा। रही बात टोल प्लाजा पर कागजों में लिखी मैनपावर से काफी कम मैनपावर लगाने की, तो इसकी भी जांच की जाएगी।

**टोल प्लाजा को चलाने के लिए मैनपावर की जरूरत** सूत्रों ने बताया कि असल में हर छोटे-बड़े टोल प्लाजा को चलाने के लिए काफी मैनपावर की जरूरत पड़ती है। छोटे से टोल को चलाने के लिए भी तीन शिफ्ट में करीब 100 लोग चाहिए होते हैं। इसके लिए एक्स सर्विसमैन समेत अन्य कैटिगरी में लोग तैनात करने पड़ते हैं। ये लोग बूथ मैनेजमेंट से लेकर क्यू (Que) मैनेजमेंट, गार्डनिंग और ऑफिस वर्क समेत अन्य कार्यों के लिए तैनात किए जाते हैं।

देश में कुछ टोल प्लाजा चलाने वाली कंपनियां ऐसा नहीं कर रही हैं। जानकारी के मुताबिक, कंपनियां टोल का ठेका लेते समय टोल को मैनेज करने के लिए नियमानुसार मैनपावर दिखाते हुए टोल का ठेका तो ले लेती हैं। लेकिन जब उन्हें ठेका मिल जाता है तो वहां कागजों में दिखाई मैनपावर का 20 से 30 फीसदी ही लगाते हैं। बाकी की सैलरी वह अपने खर्चों में दिखाते हैं, लेकिन उन्हें लगाते नहीं। इससे कई बार टोल प्लाजाओं तमाम गेट एक्टिव ना होने से गाड़ियों की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती हैं। इसके अलावा और भी कई तरह की समस्याएं सामने आती हैं।

**गंभीरता से सर्विलांस करने की जरूरत** NHAI देश में नित-नए हाइवे बनाकर उनके टोल प्लाजा को प्राइवेट कंपनियों को दे देती है। लेकिन एक्सपर्ट का कहना है कि इन टोल नाकों पर जिस स्तर की निगरानी होनी चाहिए। वह NHAI कर नहीं पाता। केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को इस मामले में एक विशेष फ्लाइंग स्क्वायड बनाना चाहिए। जो बिना किसी को बताए टोल नाको का औचक निरीक्षण करे। जिसमें अगर NHAI के भी किसी अधिकारी की मिलीभगत सामने आती है तो उसके खिलाफ भी एक्शन लिया जाना चाहिए। इसी तरह से देश के यह टोल प्लाजा सही हो सकते हैं।

# बिहार में पछुआ ने बढ़ाई ठिठुरन, 11 जिलों में कोल्ड डे तो 28 में घने कोहरे का अलर्ट



**पटना**: बिहार में ठंड का कहर जारी है। राज्य के अधिकांश जिलों में शीतलहर चल रही है। शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई। सड़कों पर गाड़ियों की रफ्तार कम हो गई। IMD ने पहले ही ठंड को लेकर चेतावनी जारी कर दी थी। आने वाले दिनों में भी ठंड से राहत मिलने की उम्मीद कम है। IMD पटना ने 25 जनवरी को 20 जिलों में घने कोहरे और 11 जिलों में कोल्ड डे की स्थिति की चेतावनी दी है। गणतंत्र दिवस ( 26 जनवरी ) पर भी मौसम ऐसा ही रहने की उम्मीद है। पछुआ हवाओं के कारण तापमान में और गिरावट आ सकती है। **घने कोहरे और कोल्ड डे का अलर्ट** कोल्ड डे और घने कोहरे का अलर्ट पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिलों के लिए जारी किया गया है। इन जिलों में दिन का तापमान सामान्य से काफी कम रहेगा और धूप नहीं निकलेगी। इसके अलावा, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर, खगड़िया, बेगूसराय, शेखपुरा, लखीसराय, नवादा और गया में सुबह घना कोहरा छाया रहेगा। बाकी जिलों में हल्का से मध्यम कोहरा रहेगा।

**28 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट** IMD ने अगले 48 घंटों के लिए 28 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, दरभंगा, गोपालगंज, समस्तीपुर, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, खगड़िया, बेगूसराय, भागलपुर, मुंगेर, लखीसराय, बांका, जमुई, नवादा, गया और शेखपुरा शामिल हैं।

# *पूरा सोशल मीडिया प्रदूषित है... इससे निपटने की जरूरत, सीईसी राजीव कुमार ने क्यों कही ये बात*

**मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने 'सोशल मीडिया के प्रदूषण से निपटने के लिए जीआरएपी जैसी कार्ययोजना की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंचों द्वारा फर्जी सामग्री को ब्लॉक न करने और तथ्य जाँच का कार्य चुनाव निकायों पर छोड़ने पर चिंता प्रकट की। सोशल मीडिया मंचों को समय रहते आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है।**



**नई दिल्ली** : मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शुक्रवार को कहा कि 'सोशल मीडिया के प्रदूषण' से निपटने के लिए चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (GRAP) की तरह कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया मंच आसानी से पहचाने जा सकने वाले फर्जी सामग्री को ब्लॉक या कम से कम उन्हें चिह्नित भी नहीं कर रहे हैं तथा खुद को बचाने के लिए तथ्यों की जांच-परख का काम चुनाव निकायों पर छोड़ रहे हैं। **आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत** उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा लगता है कि यहां व्यापारिक हित प्रभावी हैं। कुमार का कहना था, ''यह पहले बीमारी फैलाने और फिर दवाएं बेचने जैसा है। इसका नुकसान निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और लोकतंत्र की शुचिता को होता है। चुनाव प्रबंधन निकायों के एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों को 'बहुत देर हो जाने' से पहले आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया मंचों पर फर्जी, असत्यापित और ऐसे भ्रामक विमर्श का साया नहीं होना चाहिए, जो बुनियादी रूप से विघटनकारी हैं। कुमार के अनुसार, यह सोशल मीडिया मंच के हित में है कि बहुत देर होने से पहले फर्जी चीजों का पता लगाया जाए और उसे ब्लॉक किया जाए। उन्होंने आगाह किया कि लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बाधित करने वाली ताकतों की मदद नहीं होनी चाहिए।

## गणतंत्र दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल



रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होनेवाले गणतंत्र दिवस के राज्यस्तरीय समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री एवं डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची श्री चंदन कुमार सिन्हा की देखरेख में फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। फुल ड्रेस रिर्हसल के दौरान गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को रियल टाइम बेसिस पर दुहराया गया। उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन कुमार सिन्हा के साथ परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। परेड पार्टियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिये गये। **प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की हुई ज्वायंट ब्रीफिंग** फुल ड्रेस रिहर्सल के बाद प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की ज्वायंट ब्रीफिंग की हुई। इस दौरान जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। ब्रीफिंग के दौरान सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को अपर जिला दण्डाधिकारी, रांची द्वारा समारोह के लिए जारी संयुक्तादेश के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। **उचित समन्वय के साथ कर्तव्य निवर्हन करें- उपायुक्त, श्री मंजूनाथ भजन्त्री** ज्वायंट ब्रीफिंग के दौरान उपायुक्त, श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी उचित समन्वय के साथ अपनी-अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभायें। उन्होंने निर्धारित समय-सीमा में झांकियों का प्रदर्शन एवं मेडिकल व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया। ज्वायंट ब्रीफिंग में डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक श्री चंदन कुमार सिन्हा द्वारा समारोह के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बलों को निदेशित किया गया। पुलिस उपाधीक्षक, यातायात द्वारा भी समारोह के दौरान सुदृढ़ यातायात व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों जरुरी जानकारी दी गयी।

## उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार वाहन जांच अभियान

रांची। उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक (यातायात), राँची द्वारा संयुक्त रूप से डोरण्डा एवं धुर्वा क्षेत्र में लगभग 134 वाहनों के कागजातों यथा टैक्स, फिटनेश, इंश्योरेन्स, प्रदूषण प्रमाण पत्र, परमिट, ड्राईविंग लाइसेंस, ओवरलोडेड तथा सवारी वाहनों में क्षमता से अधिक यात्रियों के बैठाने आदि की जांच की गई।
जाँच के क्रम में कई स्कूल वैन एवं स्कूल बसों की जांच की गई। क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाये जाने तथा निजी वाहनों के व्यवसायिक उपयोग हेतु मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया एवं एक स्कूल वैन को जब्त कर यातायात थाना, जगरनाथपुर में सुरक्षार्थ रखा गया।
बच्चों को असुविधा न हो इसे देखते हुए वाहन चालकों को मोटर वाहन अधिनियम के संसूचित नियमों के अधीन स्कूल वैन चलाने का चेतावनी देकर वाहनों को मुक्त किया गया। जाँच के दौरान कागजात पूर्ण नहीं रहने के कारण कुल 18 वाहनों से 1,59,401



रुपये का दण्ड अधिरोपित किया गया।
पुलिस अधीक्षक (यातायात) एवं जिला परिवहन पदाधिकारी, राँची द्वारा संयुक्त रूप से संत थॉमस स्कूल, धुर्वा सहित कई अन्य स्कूल के वैन चालकों को स्कूली वैन चलाने के मानकों की जानकारी दी गई एवं उसी अनुरूप वाहनों को चलाने का निर्देश दिया गया।

## अभिकर्ता व्यवसाय संरक्षण दिवस” मनाया



प्रत्येक अभिकर्ता शमशेर अली राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी शंकर शुक्ला के नेतृत्व में स्वाधिकार संरक्षण दिवस ऐतिहासिक प्रतिरोध दिवस के दिन अधिकार संरक्षण के निमित्त कृतसंकल्पित होते हुए लगातार संघर्षरत होना हैः- लिआफि क्षेत्रिय अध्यक्ष प्रशांत कुमार दुबे धनबाद ।शमशेर अली 24 जनवरी 1945 को बीमा अभिकर्ता के रुप में तत्कालीन अंग्रेजी सरकार के खिलाफ अभिकर्ता हित के खिलाफ सरकार के द्वारा लिए जा रहे निर्णय का विरोध किए थे जिसको आगे बढ़ाते हुए आज के दिन में लिआफि के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी शंकर शुक्ला, महासचिव शाम शैनी, क्षेत्रिय अध्यक्ष प्रशांत कुमार दुबे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश झा, क्षेत्रिय सचिव प्रगति कुमार, मंडल अध्यक्ष/पदाधिकारी सुर्यकांत सिंह, विष्णुकांत तिवारी, बिनोद दुबे, ओमेश्वर सिंह, गणेश सिंह, शत्रुघ्न मिश्रा, बिनोद झा, कुमेर रेहान, प्रभास रंजन, प्रमोद कुमार,झराजेश सिंह , राजेश कुमार, संतोष चटर्जी, अनिल पांडेय, बिनोद मिश्रा, कर रहे हैं। आज का दिन 24 जनवरीः- “A.P.P Day, Agent’s Profession Protection Day, अभिकर्ता व्यवसाय संरक्षण दिवस” को सशक्त तरीके से सुदृढ़ता के साथ एकजुट होकर शाखा में अभिकर्ता अपने अधिकारो मांगों के समर्थन में होकर जमकर संघर्ष करने के लिए कृतसंकल्पित हुए।। साथियों जमकर बीमा करना है पर अपमानजनक पुड़ी सब्जी/मिठाई/कुपन के लिए नहीं बल्कि स्वाभिमान के साथ चुकी जो लोग हमें हेय देखते हैं नियम कानून के नाम पर जानबूझकर हतोत्साहित करते हुए प्रताड़ित करते हैं कार्यालय अवधि अड्डाबाजी करते हैं बाजार घुमते हैं वो निगम को नुकसान पहुंचाते हैं निगम की छवि को धूमिल /कलंकित करते हैं जो लोग यह अहंकार दिखाते हैं की वो हमें दो सुखी पुड़ी/छोला बटोरा/मिष्टान्न खिलाकर कृतार्थ कर रहे हैं जबकि बीमा लाकर अभिकर्ता वास्तविक रुप से कृतार्थ करता है तब भारतीय जीवन बीमा निगम 1956 से आज 68 वर्ष में 56 लाख करोड़ की संस्था बनी है पर जो वास्तव में ठंढा गर्मी बरसात का प्रवाह किए बिना खुन को जमा देने वाली माइनस 5 डिग्री से लेकर झुलसाती गर्मी प्लस 55 डिग्री में भी प्रपोजल लाकर देने वाले अभिकर्ता आर्थिक सैनिक को भोजन क्या कराएंगे ।

## स्वतंत्रता सेनानी हाजी अब्दुर रज्जाक अंसारी को कांग्रेसियों ने किया





**हजारीबाग** : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में स्वतंत्रता सेनानी व संयुक्त बिहार के पूर्व मंत्री हाजी अब्दुर रज्जाक अंसारी की 108 वीं जयंती सादगी वातावरण में मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने कहा कि इनका जन्म 24 जनवरी 1917 में रांची से करीब 20 किलोमीटर दूर ओरमांझी प्रखंड मे बसे एक छोटे से गांव इरबा में हुआ था । उन्हें बचपन से पढ़ने का जुनून था । एक दिन खान बहादुर हबीबुर रहमान में खोले गए एक स्कूल के गेट पर रोज की तरह उस दिन भी खड़े थे, तभी हेडमास्टर ने उन्हें बुलाया और पूछ लिया की तुम पढ़ना चाहते हो और यहीं से पढ़ने का सिलसिला आरंभ हुआ । वह 1946 से राजनीति में सक्रिय थे । उनकी मेहनत से 1946 के चुनाव में कांग्रेस के छोटानागपुर की सभी पांच सिटें मिली थी । उन्होंने बुनकर सहयोग समिति की बुनियाद डाली जो धीरे-धीरे सहकारिता आंदोलन से बुनकरों को जोड़ते हुए चले गए ।
पूर्व जिला अध्यक्ष आबिद अंसारी ने कहा कि 1978 मे दि छोटानागपुर रीजनल हैण्लूम विवर्स को-ऑपरेटिव लिमिटेड की स्थापना कर हस्तकरघा उद्योग से बुनकरों को जोड़ा । बताया जाता है कि अपने गांव 17 स्कूल था , वह आज भी उनकी याद को जिन्दा रखे हुए है । वे 1946 में बिहार विधान परिषद के सदस्य चुने गए उसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ.जगन्नाथ मिश्रा सरकार 1989 में फिर से सिर्फ विधान परिषद का सदस्य बल्कि हस्तकरघा रेशम और पर्यटन विभाग के कैबिनेट मंत्री बनाए गए ।
कार्यक्रम में प्रदेश प्रतिनिधि विरेन्द्र कुमार सिंह, लाल बिहारी सिंह, सलीम रजा, बाबर अंसारी, मो. रब्बानी, कजरु साव, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, मो. कमरूउद्दीन, सदरूल होदा, शहाबुद्दीन, राशिद खान, संजय तिवारी,अनिल भुईयां, सैयद अशरफ अली, विजय कुमार सिंह, मो. इरफान, बबलू अंसारी, देवधारी प्रसाद मेहता, दिलीप कुमार रवि, सुनिल अग्रवाल, मो. कलीम, रोहन ठाकुर मोमिन कान्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष जहांगीर अंसारी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

## गणतंत्र दिवस मे श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का होगा आयोजन



**रांची**। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया है। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम कृष्ण राधा मंदिर परिसर मे विगत लगभग 4 वर्षों से कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। गणतंत्र दिवस के दिन अपराह्न 12:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक सेवा धाम परिसर मे 190 वें अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन होगा। अन्नपूर्णा सेवा संस्था की मीरा देवी अडूकिया एवं उनके परिवार के सौजन्य से किया गया है। जिसमें केसरिया खीर के प्रसाद का विधिवत भगवान श राज श्याम जी को भोग लगाकर भंडारे में खीर के प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## साहिबगंज में गणतंत्र दिवस से पूर्व फुल ड्रेस रिहर्सल सपन्न

साहिबगंज गणतंत्र दिवस की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।मुख्य समारोह स्थल सिद्धों कान्हो स्टेडियम में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही आज जवानों, एनसीसी के छात्र, विभिन्न विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने फुल ड्रेस रिहर्सल परेड किया। जिसका निरीक्षण उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने तिरंगे को सलामी दी। इस क्रम में टुकड़ियों ने परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान सार्जेंट मेजर और सार्जेंट द्वारा पूर्वाभ्यास करने वाले जवानों और पुलिस पदाधिकारियों का नेतृत्व किया। उपायुक्त ने सभी जवानों और पुलिस पदाधिकारियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए परेड को लेकर आवश्यक निर्देश दिये।परेड के पूर्वाभ्यास से पहले उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सिद्धों कान्हो कि प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उपायुक्त ने ध्वजारोहण का पूर्वाभ्यास किया एवं जवानों की टुकड़ियों द्वारा किये गए परेड कि सलामी ली। मौके पर स्कूली छात्राओं की ओर से राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास किया गया।
ज्ञात हो कि गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन और परेड के बाद जिला प्रशासन की ओर से अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।
वहीं उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने सभी व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। मुख्य समारोह स्थल पर अतिथियों और लोगों की बैठने की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।
**ध्वजारोहण हेतु समय सारणी**
उपायुक्त गोपनीय कार्यालय पूर्वाह्न 8:15 बजे, मुख्य आयोजन स्थल सिद्धो- कान्हो स्टेडियम में पूर्वाह्न 9:05 पर झंडोतोलन किया जाएगा। जबकि समाहरणालय साहिबगंज में 10:35 बजे। विकास भवन साहिबगंज में 10:50 जैप- 9 साहिबगंज में 11:05 बजे। पुलिसअधीक्षककार्यालयमें11:30एवं पुलिस लाईन कार्यालय में 11:45 अनुमंडल कार्यालय साहिबगंज में 11:55 बजे ध्वजारोहण जाएगा। जबकि कार्यालय एवं विद्यालयों में ध्वजारोहण समारोह मुख्य झंडोतोलन के पूर्व किया जाएगा।
गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन भी निर्धारित है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 25 जनवरी संध्या 6:00 से पंडित दीनदयाल उपाध्याय (टाउन हॉल) साहिबगंज में किया जाना है।
मुख्य आयोजन स्थल पर परेड के पूर्वाभ्यास के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के अलावे अपर समाहर्ता गौतम भगत, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, ज़िले के वरीय पदाधिकारी गण एवं अन्य उपस्थित थे।

## एलआईसी सिन्दरी शाखा में अभिकर्ता संरक्षण दिवस मनाया गया



**सिंदरी** । धनबाद आल इंडिया लियाफी सिंदरी शाखा की ओर से एलआईसी सिन्दरी शाखा में अभिकर्ता संरक्षण दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष सत्य नारायण गोप ने किया तथा संचालन शाखा सचिव राजेश प्रसाद वर्णवाल ने करते हुए कहा कि 1 अक्टूबर 2024 से एल आई सी प्रबंधन के द्वारा काला कानून लाकर अभिकर्ता हित का नुकसान किया जा रहा है, काला कानून में अभिकर्ताओं की कमिशन में कटौती, बोनस दर में कटौती, तथा पॉलिसी में बीमाधारक के प्रीमियम की दर में बढ़ोतरी की गई है, इसके खिलाफ पूरे देश के अभिकर्ता एक होकर संघर्ष करेंगे तभी बीमा व्यवसाय बचेगा। सभी अभिकर्ताओं ने समस्याओं रखा। 1 अक्टूबर 2024 से भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा लाया गया काला कानुन को वापस लेने का नारा लगाया गया और विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में दिलीप कुमार विश्वकर्मा, विकास कुमार ठाकुर, रामधनी यादव, संजय केशरी, सनत कुमार चटर्जी, राकेश मण्डल, सुनील मण्डल, संजीव कुमार महतो, जंग बहादूर, मुरारी कुमार मिश्रा, लक्ष्माण वर्णवाल, राम प्रसाद, नरेश ठाकुर आदि ने संबोधित किया।

## अखिल भारतीय नई संघ ट्रेड यूनियन ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 101वीं जयंती मनाया



सर्वप्रथम नेताओं ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन के जिला अध्यक्ष गुप्तेश्वर ठाकुर ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जी सामाजिक आंदोलन के प्रतीक रहे हैं बिहार एक छोटे से गांव में एक नाई परिवार में जन्मे कर्पूरी जी ने अपने काबिलियत के बल पर बिहार के साथ-साथ पूरे भारत में अपना एक मिसाल कायम किया है आज भी बहुत से दल उनके नाम पर राजनीति करते हैं जननायक बनना इतना आसान नहीं था जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने स्वतंत्रता सेनानी, ईमानदार नेता कुशल शिक्षक, ओबीसी, महिलाओ एवं गरीब स्वर्णों को आरक्षण देने वाले प्रथम मुख्यमंत्री हुए । जिला सचिव विजय ठाकुर ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर सामंतवादों का विरोध झेलते हुए सभी जाति के गरीबों के मसीहा के रूप में काम करते रहे युवा मोर्चा के प्रमंडलीय अध्यक्ष रविंद्र नाथ ठाकुर ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने अनेकों ऐसे जनकल्याणकारी कार्य किया है ,ऐसे ऐसे ठोस निर्णय लिए हैं जिस निर्णय लेने में आज के राजनेता कतराते हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर जी एक बार उपमुख्यमंत्री दो बार मुख्यमंत्री और अनेकों बार विधायक के रूप में जनता का सेवा करते रहे और जब वह इस दुनिया को छोड़ चले तो उनके पास अपने परिवार को देने के लिए एक पक्का मकान तक नहीं था ऐसे ही उन्हें गुदड़ी के लाल नहीं कहा जाता मौके पर मनोज ठाकुर,संजय ठाकुर, मनू ठाकुर, इंद्रमणि ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे

## हजारीबाग के द किंग रिसोर्ट में चल रहा था देह व्यापार का अवैध धंधा, 7 लोग गिरफ्तार

**हजारीबाग** : हजारीबाग के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चानो स्थित होटल द किंग रिसोर्ट में पुलिस ने छापेमारी की है। इस दौरान पुलिस ने सेक्स रैकेट में शामिल होटल मैनेजर सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में चार युवक और तीन युवतियां शामिल है। बताया जा रहा है कि होटल में लड़कियों को बाहर से मंगवाकर देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा था। बंगाल से लड़कियों को बुलाकर यह धंधा कराया जा रहा था।



पकड़े गए सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। भुरकुंडा के रहने वाले सोहेल खान, सौंदाडीह के गौतम कुमार, बरही के विक्की सिंह और चौपारण के बंदगावां के रहने वाले त्रिभुवन प्रसाद के अलावा तीन युवतियों को होटल में पकड़ा गया था।

## रामगढ़ पुलिस को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 10 मोटरसाईकिल उपलब्ध कराया गया



**रामगढ़**। आर0के0 सिंह, पीवीयुएन कम्पनी के सी०ओ० के द्वारा रामगढ़ पुलिस को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 10 मोटरसाईकिल उपलब्ध कराया गया। अजय कुमार (भा०पु०से०), पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ ने पीवीयुएन कम्पनी के द्वारा उपलब्ध कराये गये 10 मोटरसाईकिल के लिए पीवीयुएन कम्पनी के सी०ओ० का आभार व्यक्त किया तथा बताया कि इससे पुलिस बल की दक्षता को और अधिक मजबूती मिलेगी, खासकर कानून व्यवस्था बनाए रखने और आपातकालीन परिस्थितियों में तेजी से कार्रवाई करने में सहायक होंगी, वैसे स्थाना जहाँ पर चारपहिया वाहन नहीं जा सकता है, उन स्थानों पर इन मोटरसाईकिल का प्रयोग अपराध नियंत्रण हेतु किया जाएगा। यह योगदान पुलिस की कार्यक्षमता को बढ़ाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
पुलिस अधीक्षक, रामगढ़, पुलिस उपाधीक्षक (मु०), रामगढ़ एवं पीवीयुएन कम्पनी के सी०ओ० के द्वारा हरी झंडी दिखाकर 10 मोटरसाईकिल को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु रवाना किया गया।

## मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 की तैयारी को लेकर उप विकास आयुक्त आर0के0 प्लस टू उच्च विद्यालय पहुंचे



**कोडरमा**। आगामी मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 की तैयारी को लेकर उप विकास आयुक्त ऋतुराज आर०के० प्लस टू उच्च विद्यालय पहुंचे। इस दौरान उप विकास आयुक्त इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं से रूबरू हुए और विज्ञान की परीक्षा की तैयारी कैसे करें, इससे संबंधित कई टिप्स दिये। उप विकास आयुक्त ने सभी विद्यार्थियों को विषय का पुन वृत्ति कराया और जिन सवालों में दिक्कत हो रही उसका समाधान कर उन्हें समझाया। महोदय ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए मतदान की शपथ दिलायी गयी







**रांची**। मुख्यालय झारखण्ड, राँची परिसर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) झारखण्ड आर० के० मलिक द्वारा उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों / कर्मियों को भारत के लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये, निम्न शपथ दिलायी गयी :- “हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए, यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे”।

## 21 एकड़ कुल 89 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को ट्रैक्टर चलाकर बिनिष्ट किया



खूंटीः। अड़की थाना अंतर्गत ग्राम जोरको एवं सेल्दा मे कुल 26 एकड़,मुरहू थाना अंतर्गत ग्राम हैंठगोवा एवं बगमा में करीब 22 एकड़,मरांगहादा थाना क्षेत्र के ग्राम- मरांगहादा एवं उलीडीह में 20 एकड़ एवं सोयको थाना अंतर्गत ग्राम- सेरेंगडीह के आस पास क्षेत्रों में करीब 21 एकड़ कुल 89 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को ट्रैक्टर चलाकर बिनिष्ट किया गया।

# पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु धनबाद नगर निगम के वार्ड-01 से वार्ड-55 में किया गया डोर-टू-डोर सर्वेक्षण

आंकड़ों का प्रारूप जिला के वेबसाइट www.dhanbad.nic.in एवं धनबाद नगर निगम की वेबसाइट www.dhanbadmunicipalcorporation.com पर प्रकाशित सर्वेक्षण में प्रस्तुत आंकड़ों के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 31.01.2025 तक अपनी आपत्ति, साक्ष्य सहित कर सकते हैं जमा
पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग, झारखण्ड, के निदेश के आलोक में नगरपालिका आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु धनबाद नगर निगम के वार्ड-01 से वार्ड-55 में डोर-टू-डोर सर्वेक्षण कार्य किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के पर्यवेक्षण में तैयार एवं अनुश्रवण समिति द्वारा अनुमोदित प्रपत्र-01 से प्राप्त सूचना के आधार पर आंकड़ों वा प्रारूप जिला के वेबसाइट www.dhanbad.nic.in, धनबाद नगर निगम की वेबसाइट www.dhanbadmunicipalcorporation.com एवं धनबाद नगर निगम कार्यालय में आमजनों के लिए सूचना प्रकाशित किया जाता है।

आंकड़ों से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन धनबाद नगर निगम कार्यालय में दिनांक 31.01.2025 तक कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में अवलोकन किया जा सकता है।

सर्वेक्षण में प्रस्तुत आंकड़ों के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 31.01.2025 तक लिखित रूप में अपनी आपत्ति, साक्ष्य सहित धनबाद नगर निगम कार्यालय में जमा कर सकते है।

# सभी कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



**बोकारो :** " बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ " योजना की दसवीं वर्षगांठ पूरे भारत वर्ष में मनाया जा रहा है। यह वर्षगांठ 22 जनवरी से लेकर 08 मार्च, 2025 तक मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत जिले में अलग-अलग तिथि को अलग-अलग कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी के तहत आज दिनांक 24 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले के सभी कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं पोस्टल प्रतियोगिता आयोजित की गई और उसमें तीन तीन बच्चियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। साथ ही जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा जंक फूड एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से बचाव से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**तीन तीन बच्चियों को पुरस्कृत किया गया-**
रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं पोस्टल प्रतियोगिता में सभी कस्तूरबा विद्यालय के बालिकाओं द्वारा भाग लिया गया एवं कई सुंदर-सुंदर रंगोली एवं पोस्टर बनाए गए हैं। सभी कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता में से तीन तीन बच्चियों को प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया ज्ञातव्य हो कि राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है 2009 को पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया ताकि लोगों की सोच में बदलाव लाया जा सके और बालिकाओं के प्रति भेदभाव को समाप्त किया जा सके। हर साल इस दिन के लिए एक खास थीम निर्धारित की जाती है, राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम है " सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तिकरण "।

# सिंदरी बलियापुर लोकल कमेटी की ओर से शहीद जयंत सरकार का शहादत दिवस रंगामाटी सिंदरी में मनाई गई



**सिंदरी धनबाद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) सिंदरी बलियापुर लोकल कमेटी की ओर से शहीद जयंत सरकार का शहादत दिवस रंगामाटी सिंदरी में मनाई गई। आज ही के दिन 24 जनवरी 1995 को गरीबों की लड़ाई लड़ने वाला मुखर युवा नेता जयंत सरकार को एक साजिश के तहत राजनीतिक हत्या की गई। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता बलियापुर शाखा सचिव समीरण विद ने की ,वक्ताओं ने कहा जयंत सरकार छात्र नौजवान मजदूर किसान की लड़ाई मुखर होकर लड़ते थे। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि उनके अधूरे कामों को पूरा करने का संकल्प से होगी। कार्यक्रम में सिंदरी बलियापुर लोकल कमेटी सचिव विकास कुमार ठाकुर एडवा के सिंदरी नगर अध्यक्ष रानी मिश्रा , सचिव मिठू दास, सीपीआई(एम) धनबाद जिला कमेटी सदस्य गौतम प्रसाद, शिबू राय , सुरेंद्र कुमार पांडे, राज नारायण तिवारी रंजू देवी सविता देवी सुबल चंद्र दास, मुकेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# टुंडी में हाथी ने किया दंपती पर हमला:रात में घर के बाहर बैठी महिला पर हाथी ने किया अटैक, पति को भी किया घायल



धनबाद के टुंडी क्षेत्र में हाथियों का आतंक एक बार फिर सामने आया है। मनियाडीह थाना क्षेत्र के झिनाकी गांव में रात के समय एक हाथी ने दंपती पर हमला कर दिया। घटना में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए SNMMCH अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी देते हुए घायल महिला सुनीता देवी ने बताया कि रात में उनकी सास झिंगली देवी घर के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान अचानक एक हाथी वहां पहुंच गया। हाथी ने अपनी सूंड से उन्हें उठाकर पटक दिया और अपने दांत से उनके सीने में गंभीर चोट पहुंचाई। शोर सुनकर आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए और हाथी को वहां से भगा दिया। वहीं, घायल पति जीतू रजवार ने बताया कि वह घर के बगल में खड़े थे। जब हाथी ने उन पर हमला करने की कोशिश की, वह बचने के लिए दीवार की दूसरी तरफ कूद गए, जिससे उन्हें चोट आई। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई, जिसके बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

# मुख्य समारोह को लेकर हुआ परेड का पूर्वाभ्यास



उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया परेड के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण
गोल्फ ग्राउंड में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर आज परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा और वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न प्लाटून ने आकर्षक एवं भव्य परेड का स्वरूप प्रदर्शित किया।
इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पुलिस जवानों की ओर से परेड की तैयारियां बेहतर तरीके से की गई है। परेड के दौरान किसी प्रकार की त्रुटियां न रहे, इसके लिए सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।
वरीय पुलिस अधीक्षक ने परेड में भाग लेने वाले प्लाटून का हौसला बढ़ाया। उन्होंने सभी टुकड़ियों को पूरे स्वाभिमान व गर्व के साथ परेड में भाग लेने की सीख दी।
गोल्फ ग्राउंड में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एसडीएम राजेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहें।

# अन्य के नाम पर दाखिल खारिज कर देने की शिकायत





उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुनी।
इसमें मैथन से आए एक व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि उनके पिताजी ने मैथन के मेढ़ा में वर्ष 1967 में जमीन खरीदी थी। पिताजी की मृत्यु के बाद उन्होंने वर्ष 2013 में अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज का आवेदन दिया। लेकिन जमीन का दाखिल खारिज उनके नाम के बजाय किसी अन्य के नाम पर कर दिया गया। अब दूसरा पक्ष जबरन उनकी रैयती जमीन बेच रहा है।
मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने एगारकुंड अंचल अधिकारी को इसकी जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।
वहीं एक अन्य व्यक्ति ने ऑटो एवं ई-रिक्शा का रूट निर्धारण करने, ऑटो के लिए निर्धारित पार्किंग स्थल चिह्नित करने, झरिया लक्ष्मनीया मोड़ से चार नंबर तक सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने का आवेदन दिया।
जनता दरबार में कलियासोल से आए एक व्यक्ति ने उनकी रैयती जमीन बलपूर्वक हड़पने, पुटकी से आए व्यक्ति ने बीसीसीएल द्वारा जमीन के बदले नियोजन नहीं देने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।
उपायुक्त ने सभी आवेदनों को निष्पादित करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया।
जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

# मुख्य समारोह को लेकर हुआ परेड का पूर्वाभ्यास



उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया परेड के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण
गोल्फ ग्राउंड में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर आज परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा और वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न प्लाटून ने आकर्षक एवं भव्य परेड का स्वरूप प्रदर्शित किया।
इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पुलिस जवानों की ओर से परेड की तैयारियां बेहतर तरीके से की गई है। परेड के दौरान किसी प्रकार की त्रुटियां न रहे, इसके लिए सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।
वरीय पुलिस अधीक्षक ने परेड में भाग लेने वाले प्लाटून का हौसला बढ़ाया। उन्होंने सभी टुकड़ियों को पूरे स्वाभिमान व गर्व के साथ परेड में भाग लेने की सीख दी।
गोल्फ ग्राउंड में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एसडीएम राजेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहें।

# सभी आयामों में लक्ष्य अनुरूप बेहतर प्रदर्शन करें - उपायुक्त





**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने आकांक्षी जिला अंतर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न आयामों स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि – जल संसाधन, वित्तीय समावेशन – कौशल विकास एवं बुनियादी ढ़ांचा के तहत जिले में किए गए कार्यों/जिले की उपलब्धि को लेकर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलाम, जिला योजना पदाधिकारी श्री राज शर्मा समेत सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।
उपायुक्त ने क्रमवार विभिन्न आयामों के तहत किए गए कार्य – प्रगति की जानकारी पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से ली। स्वास्थ्य एवं पोषण के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में किए गए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने समीक्षा क्रम में प्रखंडवार गंभीर तीव्र कुपोषण (सैम) एवं मध्यम तीव्र कुपोषण (मैम) के तहत चिन्हित बच्चों और उनको कुपोषण मुक्त बनाने को लेकर किए गए प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से भी सैम – मैम बच्चों के परिजनों को जोड़ने की बात कहीं। ताकि उनके जीवन के स्तर में सुधार हो सके। स्वास्थ्य एवं पोषण आयाम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, संस्थागत प्रसव, संपूर्णता अभियान, यक्ष्मा उपचार आदि की समीक्षा कर जरूरी दिशा – निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण को लेकर महिला पर्यवेक्षिकाओं को पोषक क्षेत्र में भूमि चिन्हित कर सीडीपीओ को बताने का निर्देश दिया। प्रदर्शन में सुधार का सक्सेस स्टोरी तैयार करने को कहा।
उपायुक्त ने शिक्षा आयाम के तहत नामांकित बच्चों, अभिभावक – शिक्षक सम्मेलन में बताई जाने वाली बातों, प्राथमिक से उच्च विद्यालयों में बच्चों के ट्रांस्टि प्रतिशत, बच्चों के बीच पुस्तक वितरण, विद्यालयों में बिजली – पानी, शौचालय आदि की सुविधाओं पर समीक्षा कर खराब प्रदर्शन वाले इंडिकेटर में बेहतर करने का निर्देश दिया। जिन विद्यालयों में पेयजल की समस्या हैं, उनका वैक्लपिक व्यवस्था की योजना तैयार कर प्रस्तुत करने को जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया।
उपायुक्त ने कृषि – जल संसाधन आयाम के तहत जिले में लघु सिंचाई योजना के तहत किसानों को सिंचाई सुविधआ उपलब्ध कराने, कृषि उपज को बढ़ाने को लेकर संचालित योजनाओं से किसानों को अच्छादित करने, किसानों को बैंकों द्वारा ऋण उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की। कृषि ऋण में प्रदर्शन संतोषजनक नहीं होने पर लीड बैंक मैनेजर (एलडीएम) को इस दिशा में सकारात्मक पहल करने को कहा। वहीं, कृषि विभाग के अधिकारी को जिले के सभी किसानों को शतप्रतिशत पंजीकरण करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला उद्यान पदाधिकारी के अनुपस्थित रहने को लेकर अगले आदेश तक उनका वेतन स्थगित करने का संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।
उपायुक्त ने शेष आयामों की भी समीक्षा कर जरूरी दिशा – निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी लक्ष्य के अनुरूप अपने प्रदर्शन में सुधार लाएं। उन्होंने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को चिन्हित कर उनके नामों की सूची – उपलब्धि से संबंधित जानकारी जिला को प्रतिवेदित करने को कहा। *उपायुक्त ने बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित करने की बात कहीं।
मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला सूचना पदाधिकारी धनंजय कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सभी एमओआइसी, सभी सीडीपीओ, सभी नोडल महिला पर्वेक्षिका आदि उपस्थित थे।

# अफ़ीम की अवैध खेती की रोकथाम हेतु की गई बैठक

दलभंगा ओपी अंतर्गत करीब 40 गांव एवं 150 टोलों के स्थानीय मुखिया एवं मौजा मुंडा, टोला मुंडा एवं स्थानीय लोगों के साथ अफ़ीम की अवैध खेती की रोकथाम/विनष्टीकरण हेतु की गई बैठक पुलिस अधीक्षक, सरायकेला-खरसावाँ के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अफीम की अवैध खेती एवं विक्रय निषेध संबंधित जागरूकता अभियान के तहत दलभंगा ओपी परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सरायकेला के अध्यक्षता में दलभंगा ओपी क्षेत्र के सभी 40 गांव एवं एवं करीब 150 टोलों के करीब 250 लोगों ने बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला, समीर कुमार सवैया, अंचल अधिकारी कुचाई, सुषमा सोरेन एवं ओपी प्रभारी दलभंगा ओपी के द्वारा क्षेत्रीय भाषा मुंडारी, हो एवं संथाली भाषा में उपस्थित लोगों को अफ़ीम का दुष्प्रभाव एवं कानूनी कार्रवाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में उपस्थित प्रमुख प्रतिनिधियों में शामिल थेः- रोलाहातु पंचायत के मुखिया सत्री सांगा, गोमेयाडीह पंचायत के मुखिया मंगल सिंह मुंडा, बारूहातू पंचायत के मुखिया रेखा मुनि उरांव, रुगुडीह पंचायत के पूर्व मुखिया लखीराम मुंडा। , बारूहातू पंचायत के पूर्व मुखिया एवं 40 मौजा बकास्त मुंडारी खुटकट्टी के अध्यक्ष मानसिंह मुंडा, पूर्व जिला परिषद एमलिन नाग, बारूहातू मौजा मुंडा विजय सिंह मुंडा, रुगुड़ीह मौजा मुंडा बैकुंठ सिंह मुंडा, दलभंगा मौजा मुंडा विमल कुमार मुंडा, इसके अतिरिक्त जोजोहातु मौजा, सोसोकडा, बीजार, धूनाडीह, बंधडीह, पडेया,देसवा पहाड़,

# डीसी – एसपी ने किया परेड का निरीक्षण, तिरंगे को दी सलामी





**बोकारो।** 76 वें. गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य समारोह की तैयारी जोरशोर से चल रही है। शुक्रवार को सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास हुआ। निरीक्षण उपायुक्त (डीसी) श्रीमती विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्री मनोज स्वर्गियारी ने किया। परेड के निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान उपायुक्त व एसपी ने मुख्य समारोह के कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए परेड से संबंधित कई दिशा – निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त श्री गिरजा शंकर प्रसाद, डीआरडीए निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास श्रीमती प्रांजल ढ़ंडा, जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना शेजवलकर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालको, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

**परेड में 12 प्लाटून हुए शामिल** परेड में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स 26 वी. बटालियन, सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स, झारखंड आर्म्ड पुलिस फोर्स (जैप - 4), जिला सशस्त्र बल पुरुष, जिला सशस्त्र बल महिला, गृह रक्षा बल, नेशनल कैडेट कॉर्प्स बीआइवी स्कूल सेक्टर टू डी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चास, लकड़ा खन्दा स्कूल सेक्टर -2, जीजीपीएस स्कूल सेक्टर 05, एमजीएम स्कूल सेक्टर 04 एफ. एवं दी पेंटाकोस्टल एसेंबली स्कूल का एक – एक प्लाटून शामिल हुआ। मौके पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कसमार, जरीडीह की छात्राओं द्वारा बैंड डिस्प्ले एवं जिला पुलिस द्वारा डाग शो को प्रदर्शित किया गया।

हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस मौके पर उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने कहा कि पूरे हर्षोल्लास के साथ 76 वें. गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का आज जायजा लिया। सभी प्लाटूनों ने निर्धारित समय पर कार्यक्रम को पूरा किया। कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं द्वारा बैंड का डिस्पले भी किया गया। संबंधित पदाधिकारियों को कुछ जरूरी दिशा – निर्देश दिया है, जिसका अनुपालन करने को कहा गया है।

# आल इंडिया लियाफी सिंदरी शाखा की ओर से एलआईसी सिन्दरी शाखा में अभिकर्ता संरक्षण दिवस मनाया गया



**सिंदरी ।** धनबाद। आल इंडिया लियाफी सिंदरी शाखा की ओर से एलआईसी सिन्दरी शाखा में अभिकर्ता संरक्षण दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष सत्य नारायण गोप ने किया तथा संचालन शाखा सचिव राजेश प्रसाद वर्णवाल ने करते हुए कहा कि 1 अक्टूबर 2024 से एल आई सी प्रबंधन के द्वारा काला कानून लाकर अभिकर्ता हित का नुकसान किया जा रहा है, काला कानून में अभिकर्ताओं की कमिशन में कटौती, बोनस दर में कटौती, तथा पॉलिसी में बीमाधारक के प्रीमियम की दर में बढ़ोतरी की गई है, इसके खिलाफ पूरे देश के अभिकर्ता एक होकर संघर्ष करेंगे तभी बीमा व्यवसाय बचेगा। सभी अभिकर्ताओं ने समस्याओं रखा। 1 अक्टूबर 2024 से भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा लाया गया काला कानुन को वापस लेने का नारा लगाया गया और विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में दिलीप कुमार विश्वकर्मा, विकास कुमार ठाकुर, रामधनी यादव, संजय केशरी, सनत कुमार चटर्जी, राकेश मण्डल, सुनील मण्डल, संजीव कुमार महतो, जंग बहादूर, मुरारी कुमार मिश्रा, लक्ष्माण वर्णवाल, राम प्रसाद, नरेश ठाकुर आदि ने संबोधित किया।

# स्पंदन ने मनाया नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जयंती




धनबाद समाज सेबी संस्था और कल्चरल ग्रुप स्पंदन द्वारा धनबाद न्यू कॉलोनी सरायढेला दुर्गा मंदिर के हाल में स्पंदन द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती मनाया गया संस्था के सदस्यों ने बताया कि सबसे पहले उपस्थित सदस्यों ने एक-एक कर नेताजी सुभाष बोस के चित्र पर मलियापन किया गया फिर कल्चरल प्रोग्राम शुरू किया गया जिसमें कविता पाठ,गीत,वाद्य यंत्र और नित्य प्रस्तुत किया गया पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति का झलक देखने को मिला कार्यक्रम में सभी वर्ग के पुरुष,महिला और बच्चों ने भाग लिया।


इस नेताजी जयंती के कार्यक्रम में स्पंदन के अध्यक्ष मनोज मजूमदार सचिन बरनाली सेनगुप्ता, अरबिंदो बनर्जी,नीलकमल खवास, लीलामय गोस्वामी,बबलू गांगुली,लीसा चौधरी,स्वाति गुप्ता,सीमा भट्टाचार्यजी,शुभाशीष गुप्ता,प्रणब हालदार,रिशान सेनगुप्ता,कुशन सेनगुप्ता,देवराज चौधरी, अरबी और माला राय ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया ।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



# धर्म

# सुख और मंगलदायी है माँ वैष्णों देवी





**सुख और मंगल फल देने वाली माता वैष्णों देवी का दरबार जम्मू स्थित कटरा से लगभग 14 किलोमीटर है। जम्मू देश के हर कोनो से रेल यातायात ही नहीं रोड, हवाईजहाज सभी तरह की यात्री सुविधाओं से जुड़ा है। यहां कटरा तक भक्त गण बस, निजी वाहन अथवा वायुमार्ग से पहुंच सकते हैं। कटरा में वैष्णो देवी श्राईन बोर्ड में पंजीकरण करवाने के बाद माता के मंदिर की पैदल यात्रा शुरू होती है। मंदिर पहुंचने के मार्ग पहाडों के बीच से होकर जाता है। वर्तमान में श्राईन बोर्ड एवं सरकार द्वारा वैष्णों देवी मार्ग को काफी सुगम बना दिया गया है। रास्ते में ठहरने की व्यवस्था एवं खाने-पीने की चीजें की दुकानें रास्तेभर मिलती हैं। वैष्णों मंदिर तक रास्ते में खाने पीने की दुकानों के अलावा यात्रियों की यात्रा को सुलभ बनाने के उद्देश्य से जगह-जगह आराम करने व ठहरने के लिए भी ठिकाने हैं।**


देवी भागवत पुराण के अनुसार महामाया देवी जगत की अधिष्ठात्री हैं। इन्होंने ही इस संसार का निर्माण किया है। यही भगवती महामाया देवी भगवान श्री विष्णु की माया बनकर उनके साथ रहती हैं। इन्हीं की प्रेरण से भगवान विष्णु के हाथों मधु एवं कैटभ नामक असुरों का वध हुआ। यह देवी ही जगत के कल्याण हेतु महालक्ष्मी, महाकाली एवं महासरस्वती रूप में प्रकट हुई। यह देवी आदि शक्ति कही जाती हैं। इन्हीं माहाशक्तियों की सम्मिलित शक्ति हैं माता वैष्णो देवी। माता वैष्णों देवी त्रिकुट पर्वत पर्वत पर तीनों महाशक्तियों के साथ निवास करती हैं। यहां माता का दरबार एक फा में है। यह समुद्र तल से लगभग 4800 फुट की ऊँचाई पर है। पुरातत्ववेत्ताओं के अनुसार यह गुफा अरबों वर्ष पुरानी है।

## भूमिका मंदिर

भूमिका मंदिर कटरा से दो किलोमीटर आगे है। करीब सात सौ वर्ष पहले यहीं श्रीधर पंण्डित को माता वैष्णो ने कन्या के रूप में दर्शन दिया था। इसी पवित्र स्थान पर माता वैष्णो देवी ने भैरोनाथ समेत अन्य गांव वालों को भोजन कराया। यहीं से माता भैरोनाथ से हाथ छुड़ाकर दर्शनी द्वार के रास्ते अपने भवन की ओर दौड़कर भागी थी।

## वैष्णो देवी वाण गंगा

वैष्णो देवी की यात्रा के मार्ग में वाण गंगा नामक स्थान आता है। यह वही स्थान है जहां माता वैष्णो देवी ने हनुमान जी को प्यास लगने पर अपने वाण से गंगा को प्रवाहित किया था। यात्रा के दौरान भक्त वाण गंगा के जल में स्नान करके अपनी थकान कम करते हैं। स्नान के बाद शरीर में नई ताजगी एवं उत्साह का संचार होता है जो भक्तों को पर्वत पर चढ़ने का हौसला देता है। वाण गंगा के जल में स्नान करने से कई प्रकार के रोग दूर हो जाते हैं। वैष्णों देवी श्राईन बोर्ड की तरफसे यहां जन सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। कुछ श्रद्धालु भक्त यहां अपने बच्चों का मुण्डन संस्कार भी करवाते हैं। वर्तमान समय में वाण गंगा के जल में स्नान का आनन्द बरसात के मौसम में ही मिल पाता है। अन्य मौसम में वाण गंगा में जलाभाव रहता है ऐसे में यात्रियों को श्राईन बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले जल में स्नान करके संतुष्ट होना पड़ता है। यहां स्नान करने के बाद माता के भक्त जय माता दी का नारा लगाते हुए आगे की यात्रा शुरू करते हैं। वाण गंगा से पहाड़ की चढ़ाई शुरू हो जाती है। यहां मार्ग में दोनों तरफ दुकानें हैं जहां प्रसाद एवं खाने की



चीजें मिलती हैं। दुकानों में छड़ी भी मिलती है। पहाड़ पर चढ़ने में सहुलियत के लिए यात्री छड़ी खरीदते हैं। लौटते समय यात्री चाहें तो दुकानदार को छड़ी वापस कर सकते हैं। दुकानदार छड़ी की आधी कीमत वापस कर देता है।



## चरण पादुका

वाण गंगा से आगे बढ़ने पर मार्ग में चरण पादुका नामक स्थान आता है। इस स्थान पर एक शिला के ऊपर माता के चरण के निशान हैं। भैरो से हाथ छुड़ाकर भागते हुए माता यहीं शिला पर खड़ी होकर पीछे आते हुए भैरो को देखा था। माता क चरण चिन्ह के कारण यह स्थान पूजनीय है। यहां भक्त मात के चरणों का दर्शन करते हैं और अपनी यात्रा सफल बनाने की पार्थना करते हुए आगे बढ़ते हैं।

## आदि कुमारी

चरण पादुका के आगे देवी आदि कुमारी का मंदिर है। भौरो को अपना पीछा करते हुए देखकर माता यहीं एक गुफा में छुपकर विश्राम करने लगीं। माता इस गुफा में नौ महीने तक छुपकर बैठी रहीं अतरू इस फा को गर्भजून के नाम से जाना जाता है। यह गुफा संकरी है फिर भी मोटे से मोटे लोग निकल आते हैं।

और कभी-कभी पतले लोगों को भी इससे निकलने में परेशानी होती है। कहते हैं श्रद्धा एवं आस्था से इस गुफा में जो भी भक्त प्रवेश करता है उसे पुनः गर्भ में नहीं आना पड़ता है। इस स्थान पर गर्भजून में प्रवेश के लिए पर्ची कटवानी पड़ती है। भक्तों को गर्भ जून में प्रवेश पाने के लिए अपने नम्बर की लम्बी प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

## हाथी मत्था

आदि कुमारी से आगे ढाई किलोमीटर तक पहाड़ पर खड़ी चढ़ाई है। इसकी आकृति हाथी के सिर जैसी होने के कारण इसे हाथी मत्था के नाम से जाना जाता है। खड़ी चढ़ाई होने के बावजूद माता के भक्त जय माता दी का नारा लगाते हुए आगे बढ़ते जाते हैं।

## सांझी छत

हाथी मत्था पर चढ़ते-चढ़ते जब भक्त थकने लगते हैं तब सांझी छत आता है। यह स्थान समतल और ढ़ालुवां है। यहां से माता का मंदिर दिखने लगता है और भक्तों का उत्साह बढ़ जाता है। कदम अपने आप तेजी से आगे बढ़ने लगता है। यहां आकर माता के भक्तों की आँखों से खुशी छ्लकने लगती है। भक्त माता का जयकारा लगाते हुए झूम उठते हैं।

## वैष्णो देवी प्राचीन गुफा



माता के भवन में प्रवेश के लिए वर्तमान में जिस गुफा द्वार एवं निकास द्वार प्रयोग किया जाता है उसका निर्माण 1977 में किया गया। इस फा के पास ही प्राचीन गुफा द्वारा है जिससे होकर भक्त माता के दरबार में पहुंचते थे। यह गुफा काफी संकरी थी अतरू माता के दरबार में आने वाले भक्तों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए नई गुफा का निर्माण करवाया गया।

## माता वैष्णों देवी दर्शन का फल

माता वैष्णो देवी त्रिकुट पर्वत पर धर्म की रक्षा एवं भक्तों के कल्याण हेतु निवास करती हैं। वैष्णो देवी अपने दरबार में आये भक्तों की विनती सुनती हैं। यह अपने भक्तों पर दया एवं करूणा भाव रखता रखती हैं। मान्यता है कि माता के



दरबार में जैसी कामना लेकर भक्त पहुंचता है माता उसकी उसी अनुरूप कामना पूरी करती हैं। नव दम्पति विवाह के पश्चात माता के दरबार में पहुंचकर अपने सुखी दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद मांगते हैं। माता के दरबार में संतान की कामना से आने वाले भक्तों की मुराद पूरी होती है। भगवती वैष्णों की भक्ति से धन एवं दूसरे भौतिक सुख.साधन भी नसीब होता है। जो भक्त सच्चे मन से माता के दरबार में पहुंचता है मात उसे आरोग्य का आशीर्वाद देती है।

## वैष्णो देवी आने वाले भक्त

माता वैष्णो देवी के प्रति दिन-प्रतिदिन लोगों की आस्था मजबूत होती जा रही है। माता के बहुत से भक्त अपनी मुराद पूरी होने के बाद भवन के मार्ग में भंडारा करते हैं। माता के दरबार में आने वाले भक्त हसे माता का प्रसाद मानकर ग्रहण करते हैं और जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ते जाते हैं। वैष्णो देवी आने वाले भक्तों की संख्या प्रति वर्ष लाखों में होती है। यह तिरूपति के बाद ऐसा तीर्थस्थल है जहां सबसे अधिक श्रद्धालु आते हैं। शारदीय नवरात्रा एवं चैत्र नवरात्रा के अवसर पर यहां बड़ी संख्या में भक्तगण आते हैं। शीत ऋृत में जब पहाड़ों पर बर्फ पड़ने लगता है तब तीर्थयात्रियों की संख्या कम हो जाती है वैसे सालो भर यहां दर्शनाथी आते रहते हैं।

## गृह निर्माण की मान्यता

भैरो घाटी में बाबा भैरोनाथ के दर्शन के पश्चात लौटते समय रास्ते में लोग पत्थरों से घर बनाते हैं। इस विषय में धारणा यह है कि जो भी भक्त माता का ध्यान करके इस स्थान पर पत्थरों से घर बनाता है उसे मृत्यु पश्चात परलोक में अच्छा घर मिलता है। अगले जन्म भी व्यक्ति के पास अपना मकान होता है। इस मान्यता के कारण लोग रास्ते के किनारे बिखरे पत्थरों से घर बनाते हैं।

## मंदिर में जब भी बैठे तो ध्यान रखें ये बात

ईश्वर की साक्षात् अनुभूति, उपासना और आराधना के लिए मंदिर बनाए जाते हैं और बनाए भी गए हैं। सनातन धर्मावलम्बी भी अपने घरों में अलग से पूजा घर बनाते हैं या फिर अलग से स्थान रखा जाता है। इस पूजा घर या स्थान में देवी-देवताओं की प्रतिमाएं या चित्र रखे जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि मंदिरों में ईश्वर साक्षात् रूप में विराजित होते हैं। किसी भी मंदिर में भगवान के होने की अनुभूति प्राप्त की जा सकती है। भगवान की प्रतिमा या उनके चित्र को देखकर मन शांत हो जाता है और आत्मीय सुख प्राप्त होता है। मंदिर में भगवान का ध्यान लगाने के लिए बैठते समय ध्यान रखना चाहिए कि हमारी पीठ भगवान की ओर न हो। इसे शुभ नहीं माना जाता है। मंदिर में कई दैवीय शक्तियां का वास होता है और वहां सकारात्मक ऊर्जा हमेशा सक्रीय रहती है। यह शक्ति या ऊर्जा देवालय में आने वाले हर व्यक्ति के लिए होती है। यह हम पर ही निर्भर करता है कि हम वह शक्ति कितनी ग्रहण कर पाते हैं। इन सभी शक्तियों का केंद्र भगवान की प्रतिमा ही होती है जहां से यह सभी सकारात्मक ऊर्जा संचारित होती रहती है। ऐसे में यदि हम भगवान की प्रतिमा की ओर पीठ करके बैठ जाते हैं तो यह शक्ति प्राप्त नहीं हो पाती। भगवान की ओर पीठ न करने का एक धार्मिक कारण भी है। ईश्वर को पीठ दिखाने का अर्थ है उनका अपमान करना। यही कारण है कि भगवान को पीठ नहीं दिखाना चाहिए। आम तौर पर आपने देखा होगा कि चाहे मंदिर हो या देवालय या फिर दरगाह, श्रद्धालु निकलते वक्त मुंह करके ही द्वार से बाहर निकलते हैं।

# भैरो नाथ का मंदिर

बाबा भैरोनाथ का मंदिर एक खुले चबूतरे पर है। इस चबूतरे की ऊँचाई लगभग ढाई फीट है। यहां भैरो बाबा के दर्शन के पश्चात भक्तगण उनकी प्रदक्षिणा करते हैं। भैरोनाथ के मंदिर के बायीं तरफ एक हवन कुण्ड है। इस हवन कुण्ड में भक्तगण अगरबत्ती डालकर बाबा को प्रणाम करते हैं। भैरो बाबा को काले रंग की डोरी चढ़ाते हैं।

**बाबा भैरोनाथ**

बाबा भैरोनाथ सिद्धि प्राप्त तांत्रिक था। वह जानता था कि उसके पूर्व जन्मों के पापों से माता ही मुक्ति प्रदान कर सकती थीं। अतः इसकी इच्छा थी कि यह माता के हाथों से मृत्यु प्राप्त करे। माता के हाथों से मृत्यु पाने के बाद चण्ड-मुण्ड, महिषासुर, शुम्भ-निशुम्भ जैसे असुरों को मुक्ति मिल चुकी है। भैरोनाथ भी इसी प्रकार माता के हाथों से मुक्ति की कामना रखता था अतः माता के साथ लड़ने की धृष्टता की।


जब माता ने अपने त्रिशुल से बाबा भैरोनाथ के सिर के काट डाला तब भैरोनाथ माँ से दया एवं करूणा की भिक्षा मांगने लगे। माता ने भैरो की भक्ति भाव को समझकर उसे मुक्ति प्रदान कर दिया एवं उसे देव तुल्य स्थान भी प्रदान किया। भैरोनाथ को माता का आशीर्वाद है कि जो भी भक्त माता के दरबार में पहुंचेगा उसे भैरोनाथ का दर्शन करना होगा अन्यथा माता के दर्शन का फल उसे नहीं मिलेगा।

**भैरो घाटी में स्थित भैरोनाथ**

वैष्णों माता के मंदिर से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है भैरो घाटी। यहीं पर बाबा भैरोनाथ का मंदिर है। भैरो मंदिर पहुंचने के लिए यात्रियों को खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। भैरो मंदिर तक पहुंचने के लिए घुमावदार रास्ते हो होकर भक्तगण बाबा के मंदिर में पहुंचते हैं। भैरो बाबा के मंदिर से पहाड़ का दृश्य अत्यंत रमणीय है। जो भक्त माता के मंदिर से भैरो घाटी तक पैदल चलने में असमर्थ होते हैं वह माता के मंदिर से घोड़े पर बैठकर भैरो घाटी पहुंच सकते हैं। भैरोनाथ को माता का अशीर्वाद प्राप्त होने के कारण भक्तो को भैरोनाथ का दर्शन अवश्य करना चाहिए।

**भौरो बाबा का महात्म्य**

ऐसी मान्यता है कि बाबा भैरवनाथ पर चढ़ाई गयी काली डोरी को पैरों में बांधने पर पैर का दर्द ठीक हो जाता है। काले रंग की यह डोरी बुरी नजर एवं प्रेत बाधा से भी भक्तों की रक्षा करती है। भैरवनाथ मंदिर के हवन कुण्ड से श्रद्धालु भष्म भी लाते हैं। जिन लोगों को रात में बुरे-बुरे सपने आते हैं। अनजाने भय से मन भयभीत रहता है बाबा का भभूत लगाने से इन परेशानियों से मुक्ति मिलती है। भैरो बाबा का भभूत लगाने से कई प्रकार के रोग दूर हो जाते हैं। इनके दर्शन के पश्चात माता के दर्शन का पुण्य भी भक्तों को प्राप्त होता है।



अलग पहचान
सत्य की उड़ान



## चिंतन

# नियम आधारित वैश्विक व्यापार वक्त की जरूरत

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की पांच दिवसीय बैठक के आखिरी दिन विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की मजबूती पर जोर दिया है। विश्व में बढ़ते जियो पॉलिटिकल टेंशन, युद्ध और हिंसक संघर्ष की स्थिति और खंडित आर्थिक परिवेश और संरक्षणवादी व अस्थिर अमेरिकी नीति के दौर में डब्ल्यूटीओ का नियम आधारित वैश्विक व्यापार की वकालत करना भारत जैसे तेजी से विकसित बन रहे देश के लिए लाभकारी है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद अमेरिका ने जिस प्रकार से संरक्षणवाद को बढ़ाया है, क्लाइमेट करार व विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अमेरिका हटा है, डब्ल्यूईएफ की बैठक में यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्लोबल स्तर पर टैरिफ की धमकी दी है, उसके बाद से नियम आधारित बहुपक्षीय ग्लोबल ट्रेड का महत्व और बढ़ गया है। जो देश गैट पर हस्ताक्षरित हैं और डब्ल्यूटीओ के नियम कायदों से बंधे हुए हैं, उनके लिए जरूरी है कि विश्व के सभी सदस्य देश वैश्विक नियम कायदों को मानें, अपनी मनमानियां न करें। चीन अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन करता रहा है, अब अगर अमेरिका भी वैश्विक संस्थानों का सम्मान करने में कोताही बरतेगा या आनाकानी करेगा तो निश्चित ग्लोबल ट्रेड में अराजकता की स्थिति पैदा होगी। स्विट्जरलैंड के दावोस में 20 जनवरी को विश्व आर्थिक मंच की बैठक शुरू हुई थी, 24 जनवरी को पांचवें दिन इसका समापन हुआ। इस दौरान विश्व के सभी प्रमुख देशों ने अर्थव्यवस्था को लेकर अपने दृष्टिकोण रखे। यूं तो विश्व आर्थिक मंच कोई ग्लोबल निकाय नहीं है, जो कोई आदेश या नियम जारी कर सकता है, लेकिन यह ऐसा वैश्विक मंच जरूर है, जहां विश्व की अर्थव्यवस्था की नब्ज का पता जरूर चल जाता है। भारत डब्ल्यूईएफ की बैठक को गंभीरता से लेता रहा है और बड़ा प्रतिनिधिमंडल इसमें भेजता रहा है। इस बार भी भारत ने शानदार तरीके से शिरकत की और अपनी आर्थिक धमक की छाप छोड़ी। भारत ने कहा कि वह जल प्रबंधन पर वैश्विक समुदायों को सहयोग करने के लिए तैयार है। भारत ने दुनिया से जल संरक्षण प्रयासों में शामिल होने का आह्वान किया और सभी देशों से न्यायसंगत जल प्रबंधन के लिए आगे आने का भी आग्रह किया। जल-सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए परिवर्तनकारी चर्चाएं शुरू करने को भारत प्रतिबद्ध है। डिजिटल उपलब्धियों की भी बात की और अपनी क्षमता से विश्व को परिचित कराया। इस वर्ष डब्ल्यूईएफ की थीम है बुद्धिमान युग के लिए सहयोग। बैठक का फोकस इस क्षेत्र में वैश्विक सहयोग बढ़ाने पर रहा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), नवीनीकरण ऊर्जा, और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में प्रगति को लेकर भारत चर्चा के केंद्र में रहा। मुख्य सत्र में भारत ने एआई, एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेश निवेश) और लाभकारी निवेश गंतव्यः इन्वेस्ट इंडिया जैसे मुद्दों पर दुनिया के निवेशकों का ध्यान आकृष्ट किया। विश्व को कठिन आर्थिक परिस्थिति, मानवता के कल्याण और मानवीय विकास के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान भी किया। वैश्विक अर्थवयवस्था में आ रही चुनौतियों से सामूहिक रूप से निपटने की बात कही। डब्ल्यूटीओ का मौजूदा आर्थिक परिदृश्य से जुड़े खतरों को लेकर आगाह करना विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्तियों को जगाने जैसा है। विश्व स्तर पर व्यापारिक तनाव के दौर में स्थिर नियामकीय स्थितियां और कानूनी निश्चितता अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक हैं, और विश्व में नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली जरूरी है।



दिल्ली चुनाव
राज कुमार सिंह

# दिलचस्प बनी त्रिकोणीय चुनावी जंग

दोस्ती के अचानक फिर से दुश्मनी में बदल जाने के पीछे की असली कहानी तो कांग्रेस और आप का आलाकमान ही बेहतर जानता होगा, लेकिन दोनों एक-दूसरे के विरुद्ध कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे। स्थानीय नेता तो लोकसभा चुनाव के बाद से ही एक-दूसरे पर निशाना साधने लग गये थे, अब इसमें आलाकमान की भी 'एंट्री' हो गयी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अल्पसंख्यक बहुल सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए सीधा आरोप लगाया कि आप के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह झूठे वायदे करते हैं। केजरीवाल ने भी जवाब देने में देर नहीं लगायी।

एक दशक बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव को दिलचस्प बनाने का श्रेय उस दल को है, जिसका पिछले दो चुनावों में खाता तक नहीं खुल पाया। पिछले दो चुनाव में एकतरफा जीती आम आदमी पार्टी (आप) को इस बार बहुमत का आंकड़ा पाने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर इसीलिए लगाना पड़ रहा है कि लगभग छह महीने पहले लोकसभा चुनाव मिल कर लड़ी कांग्रेस ने भी उसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। बेशक पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को साढ़े चार प्रतिशत से भी कम वोट मिले थे, लेकिन जब लड़ाई कांटे की हो जाये, तब दो-चार प्रतिशत मतों से भी बाजी पलट जाती है।

दोस्ती के अचानक फिर से दुश्मनी में बदल जाने के पीछे की असली कहानी तो कांग्रेस और आप का आलाकमान ही बेहतर जानता होगा, लेकिन दोनों एक-दूसरे के विरुद्ध कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे। स्थानीय नेता तो लोकसभा चुनाव के बाद से ही एक-दूसरे पर निशाना साधने लग गये थे, अब इसमें आलाकमान की भी 'एंट्री' हो गयी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अल्पसंख्यक बहुल सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए सीधा आरोप लगाया कि आप के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह झूठे वायदे करते हैं। केजरीवाल ने भी जवाब देने में देर नहीं लगायी। केजरीवाल ने पलटवार किया कि राहुल कांग्रेस को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि मैं देश बचाने की। केजरीवाल को मोदी की तरह ही झूठे वायदों के लिए कठघरे में खड़ा करने से ऐसा लग सकता है कि कांग्रेस अपने दोनों राजनीतिक विरोधियों पर समान रूप से हमलावर है, लेकिन असल में उसके निशाने पर आप ज्यादा है। जिस शराब नीति घोटाले में केजरीवाल समेत प्रमुख आप नेता जेल गये, उसकी शिकायत कभी कांग्रेस ने ही की थी। हाल ही में आप की महिला सम्मान योजना की शिकायत भी कांग्रेस ने ही उप राज्यपाल से की।

नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से केजरीवाल के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने पंजाब पुलिस द्वारा कांग्रेस उम्मीदवारों की जासूसी तथा चुनाव के लिए पंजाब से दिल्ली कैश लाये जाने की शिकायत भी उप राज्यपाल से की। जाहिर है, तत्काल जांच भी शुरू हो गयी। कथित शीशमहल के मुद्दे पर भी कांग्रेस, भाजपा से कम आक्रामक नहीं है। कांग्रेस इस बार आप के प्रमुख नेताओं की चुनावी घेराबंदी भी कर रही है। संदीप दीक्षित तो तीन बार कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित के पुत्र हैं ही, मुख्यमंत्री आतिशी के विरुद्ध महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि उप मुख्ममंत्री रहे मनीष सिसोदिया के विरुद्ध पूर्व मेयर फरहाद सूरी को चुनावी मैदान में उतारा है। चुनावी रणनीति की दृष्टि से यह भी महत्वपूर्ण है कि कांग्रेस का फोकस उन दो दर्जन सीटों पर ज्यादा है, जो झुग्गी-झोपड़ी और अल्पसंख्यक बहुल हैं। गरीब, दलित और अल्पसंख्यक दिल्ली में कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक रहे, लेकिन 2013 में बनी आप धीरे-धीरे उन्हें अपने पाले में ले गयी। बेशक इसके लिए खुद कांग्रेस भी कम जिम्मेदार नहीं। यह देखते हुए भी कि उसी



की सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों के मद्देनजर जन लोकपाल आंदोलन करने वाले अन्ना हजारे के कुछ शिष्यों द्वारा बनायी गयी आप ने पहले ही चुनाव में पैरों तले की जमीन छीन ली है।


कांग्रेस ने 2013 के विधानसभा चुनाव में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी भाजपा को सत्ता से रोकने के लिए अरविंद केजरीवाल की सरकार दिल्ली में बनवा दी। जब आप ही दिल्ली की राजनीति में भाजपा को चुनौती देती दिखी तो कांग्रेस के वोट बैंक का और भी बड़ा हिस्सा उसके पाले में चला गया। बेशक उसमें केजरीवाल की लोक लुभावन घोषणाओं की बड़ी भूमिका रही, लेकिन परिणाम यह निकला कि लगातार तीन बार सरकार बनाने वाली कांग्रेस, जो 2013 में आठ सीटों पर सिमट गयी थी, 2015 और 2020 में खाता तक नहीं खोल पायी। यह समझना मुश्किल नहीं कि आप मूलतः कांग्रेस से छीने गये जनाधार पर ही खड़ी है। गिरते मत प्रतिशत के चलते कांग्रेस के कुछ नेता भी दूसरे दलों में चले गये। लोकसभा चुनाव साथ मिल कर लड़ने के छह महीने बाद ही विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के आक्रामक तेवरों के मूल में आलाकमान पर बढ़ता यह दबाव भी है कि देश की राजधानी में ही पार्टी अस्तित्व के संकट से रूबरू है। अगले लोकसभा चुनाव बहुत दूर हैं, तब की रणनीति तब देखी जायेगी। फिलहाल वक्त का तकाजा अपनी जमीन बचाने और खोयी जमीन वापस पाने का है, जिसके लिए 'इंडिया' गठबंधन में मित्र, छोटे और क्षेत्रीय दलों से भी कांग्रेस को टकरान पड़ेगा।

जाहिर है, दिल्ली और पंजाब की सत्ता कांग्रेस से छीनने वाली आप ने गुजरात और गोवा में भी कांग्रेस के जनाधार में बड़ी सेंध लगाकर भाजपा को अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया है। 2015 में 70 में से 67 सीटें जीत कर प्रचंड बहुमत हासिल करने वाली आप की पांच साल बाद पांच सीटें घट गयीं। जाहिर है, भाजपा की उतनी ही सीटें बढ़ गयीं। भाजपा के साथ ही कांग्रेस को भी उम्मीद है कि दस साल के शासन के बाद वह सत्ता विरोधी भावना और बढ़ी ही होगी। फिर इस बीच शराब नीति घोटाले और शीशमहल जैसे आरोपों ने केजरीवाल की 'श्रीमान ईमानदार' की उस छवि को भी खंडित तो किया ही है, जिसके सहारे वह ज्यादातर दलों और नेताओं को भ्रष्ट बताते रहे। इसीलिए आप सरकार की विफलताएं गिनाने से ज्यादा, भाजपा और कांग्रेस का जोर केजरीवाल को कठघरे में खड़ा करने पर है। भाजपा ने भी केजरीवाल के विरुद्ध अपने पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पूर्व सांसद बेटे प्रवेश वर्मा को उम्मीदवार बनाया है तो आतिशी के विरुद्ध भी एक पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को चुनाव मैदान में उतारा है।

यह अलग बात है कि विवादास्पद बयानों से बिधूड़ी की छवि अभी तक तो नकारात्मक ही बनी है। लोक लुभावन वायदों में तो अब कोई दल किसी से पीछे रहता ही नहीं। तीनों दलों के, अलग-अलग नामकरण से जारी चुनाव घोषणापत्रों में मुफ्त की रेवड़ियों की भरमार भी इसकी पुष्टि करती है। शह-मात के इस खेल में हर दिन नयी लोक लुभावन घोषणाओं की नयी परंपरा शुरू हो गयी है। ऐसे में अब चुनाव साख और प्रबंधन पर ज्यादा निर्भर है। कांग्रेस की कोशिश अपना वोट बैंक वापस छीनने की है, तो भाजपा की पूरी कवायद आप को बहुमत के आंकड़े (36 सीट) से नीचे रोकने की है। पिछले तीनों लोकसभा चुनावों में सभी सात सीटें जीतने के बावजूद विधानसभा चुनाव में अपमानजनक हार झेलने को मजबूर भाजपा किसी भी तरह दिल्ली की सत्ता से अपना वनवास समाप्त करना चाहती है, जिसे 27 साल होने वाले हैं। अब देखना यह है कि तीन प्रमुख दलों में से किसकी मनोकामना पूरी हो पाती है।

## विमर्श


विवेक शुक्ला



# नीरज की सादगी भरी शादी करेगी नौजवानों को प्रेरित

गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने बीते दिनों टेनिस प्लेयर हिमानी मोर से सादगी से शादी करके एक बार फिर साबित कर दिया कि वो खेल के मैदान से बाहर भी करोड़ों हिन्दुस्तानियों के नायक हैं। उन्हें प्रेरित करते हैं। नीरज चोपड़ा चाहते तो किसी फाइव स्टार होटल में सैकड़ों लोगों के बीच भव्य विवाह कर सकते थे। उनके पास पैसे की कोई कमी नहीं है। पर उन्होंने तड़क-भड़क से दूर रहना पसंद किया। महेन्द्र सिंह धोनी ने भी सादगी से विवाह किया था। धोनी और नीरज चोपड़ा दोनों ही कमाल के इंसान हैं। धोनी की शादी में गिनती के ही लोगों को निमंत्रण दिया गया था। उन्होंने टीम इंडिया के भी अपने कई साथियों को आमंत्रित करना जरूरी नहीं समझा था। आप जिंदगी के किसी क्षेत्र में सफल होकर धन कमाएं इसमें किसी को क्या एतराज होगा। लेकिन, आप पैसे की बर्बादी करें इसे कौन वाजिब ठहरा सकता है। यह बात भी नहीं हैं कि बड़े सेलिब्रेटीज सादगी से शादी नहीं कर रहे। अब भी हमारे समाज में ही इस तरह के कुछ खास लोग मौजूद हैं। कुछ साल पहले महिन्द्रा एंड महिन्द्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिन्द्रा की पुत्री आलिका महिन्द्रा ने एक अनाम युवक से अमेरिका में विवाह कर लिया। उसमें महिन्द्र परिवार से कुछ ही लोग पहुंचे। विवाह बेहद सादे अंदाज में हुआ। उसमें कोई तड़क-भड़क नहीं थीं। सादगी से शादी करना क्यों ज़रूरी है, इसके कई कारण हो सकते हैं, जो व्यक्तिगत मान्यताओं, मूल्यों और प्राथमिकताओं पर निर्भर करते हैं। भव्य शादियों में बहुत अधिक खर्च होता है। सादगी से शादी करने पर आप पैसे बचा सकते हैं और उन्हें भविष्य के लिए निवेश कर सकते हैं। सादगी से शादी करने पर आपका ध्यान दिखावे की बजाय उन लोगों पर होता है जो आपके लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं-आपका परिवार और करीबी दोस्त। जरूरी नहीं कि भव्य शादियां ही यादगार हों। सादगी से शादी करने पर आप उन पलों को अधिक महत्व देते हैं जो वास्तव में मायने रखते हैं, जिससे यह अनुभव और भी यादगार बन जाता है। कई बार भव्य शादियों में लोग दूसरों को खुश करने या सामाजिक दबाव में आकर अपनी पहचान खो देते हैं। सादगी से शादी करने पर आप अपनी पसंद और प्राथमिकताओं के अनुसार निर्णय ले सकते हैं। कुल मिलाकर, सादगी से शादी करना आपकी जीवनशैली, मूल्यों और भविष्य की योजनाओं के अनुरूप होना चाहिए। नीरज चोपड़ा की शादी के बहाने याद आ रही है विराट कोहली और हरभजन सिंह की शादियां। इन दोनों की शादी रिसेप्शन में बहुत बड़ी तादाद में मेहमान पहुंचे थे। हालांकि इनके विवाह के बाद कुछ लोगों ने कहा था कि इन्हें शादी में पैसे की बर्बादी से बचना चाहिए था। क्या सेलिब्रेटी सादगी से जीवन बिता ही नहीं सकते? आखिर आप लाखों-करोड़ों लोगों के रोल मॉडल हैं। आखिर हमारे इधर शादियों में इतने पैसे की बर्बादी क्यों होने लगी है। मिडिल क्लास परिवारों की शादियों में भी 30-35 लाख रुपया एक पक्ष का खर्च होने लगा है। कायदे से देखा जाए तो सामाजिक-धार्मिक-राजनीतिक नेताओं को शादियों में होने वाली फिजूलखर्जी पर रोक के खिलाफ आगे आना चाहिए। बेशक,विवाह समारोह के खिलाफ कोई भी नहीं होगा। विवाह समारोह तो खुशी के लिए होता है। पर इसके खर्च में तो कटौती होनी चाहिए। शादी में कर्ज लेकर केवल खुशी के नाम पर पानी की तरह पैसा खर्च करना समझदारी नहीं है। यह सभ्य समाज की निशानी नहीं मानी जा सकती। जहां शादियों में फिजूलखर्जी लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं ज्यादा से ज्यादा दहेज देने का सिलसिला भी चल रहा है। इस पर किसी तरह की कोई लगाम नहीं लग रही है। कुछ इस तरह की खबरें मीडिया में आती रहती हैं कि किसी युवती ने उस बारात को लौटाया जो वहां वधू पक्ष से दहेज की मांग कर रहा था। पर कुल मिलाकर हालात कोई बहुत बेहतर नहीं हैं। 1961 में दहेज लेना और देना दोनों को कानूनन अपराध माना गया। मगर आज भी दहेज की मांग की जाती है। कुछ लड़के डिमांड करते हैं, तो कुछ उसके परिवार वाले। कुछ साल पहले तक लग रहा था कि दहेज लेने-देने का चलन खत्म हो जाएगा। अफसोस कि नए दौर के नौजवान भी दहेज लेने-देने से बाज नहीं आ रहे। प्रेम विवाहों में भी दहेज लिया-दिया जा रहा है। अब तो छोटे शहरों की शादियों पंडालों के बाहर ही आप नई चमचमाती कार को देख सकते हैं,जो खड़ी की गई होती है वधू पक्ष की तरफ से दूल्हें को देने के लिए। बहरहाल , नीरज चोपड़ा ने एक सादगी से विवाह करके एक उदाहरण तो पेश किया है। उम्मीद करनी चाहिए कि उनके इस शानदार कदम से बहुत से नौजवान प्रभावित होकर सादगी से विवाह करेंगे।

## जो अच्छा काम करना है, उसे आलस छोड़कर तुरंत करें



संकलित
**दर्शन**

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## मुनि के शाप से देवराज इंद्र से छिन गया था स्वर्ग



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन दुर्वासा मुनि विष्णु जी के पास पहुंचे। उस समय विष्णु जी ने दुर्वासा मुनि को अपनी दिव्य माला उपहार में दी। विष्णु जी से मिलकर दुर्वासा मुनि लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर सवार थे और दुर्वासा मुनि पैदल थे। इन दोनों ने एक-दूसरे को देख लिया। उस समय दुर्वासा जी ने सोचा कि विष्णु जी ने जो माला दी है, वह मेरे किसी काम की नहीं है। ये माला इंद्र को दे देता हूं। इंद्र स्वर्ग के राजा हैं तो उनके गले में ये माला शोभा देगी। ऐसा सोचकर दुर्वासा मुनि ने विष्णु जी की माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज इंद्र ने दुर्वासा जी से वह माला ले ली। उस समय देवराज इंद्र का अहंकार जाग गया। वह अपने ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे, स्वर्ग के राज-पाठ का घमंड था। इसी घमंड की वजह से इंद्र ने सोचा कि ये सामान्य सी माला मेरे काम नहीं आएगी। ये सोचकर इंद्र ने वह माला अपने ऐरावत हाथी के ऊपर डाल दी। ऐरावत ने अपनी सूंड से वह माला पकड़ी और पैरों से कुचल दी। ये सब दुर्वासा मुनि ने देख लिया, अपने उपहार का ऐसा अपमान देखकर वे क्रोधित हो गए। गुस्से में उन्होंने इंद्र से कहा कि आज तूने अपने राज-पाठ और पद के घमंड में मेरे उपहार का अनादर किया है, मैं तूझे शाप देता हूं, तेरा सारा वैभव चला जाएगा और तू स्वर्गहीन हो जाएगा। इसके बाद असुरों ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया और देवता पराजित हो गए। इंद्र को स्वर्ग से जाना पड़ा था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जनप्रतिनिधियों को वेतन पेंशन देने का औचित्य

भारत एक गौरवशाली लोकतांत्रिक गणराज्य है, जो इस माह अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। हालांकि, विषय विचारणीय है कि संविधान में उल्लेखित आदर्श और सिद्धांत, जिनका उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करना था, उनके अर्थों को समय-समय पर स्वहित में तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति भी उतनी ही पुरानी हो गई है। लोकतंत्र में जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन इस विश्वास के साथ करती है कि वे उनके अधिकारों और कल्याण के लिए कार्य करेंगे। इन्हें जनसेवक कहा जाता है, लेकिन व्यवहार में इनका कार्य सेवा से अधिक 'सुविधा और लाभ' की ओर झुका हुआ है।

**- विवेक जोशी**, दुर्ग

## ट्रेंड

### स्थापना दिवस की बधाई



उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य के सभी भाई-बहनों को ढेरों शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति में अनगिनत पौराणिक और ऐतिहासिक कालखंडों की साक्षी रही यह पावन धरती पिछले आठ वर्षों से विकास के नित-नए अध्याय रचने में जुटी है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बीजेपी अपना विजन बताए



अमित शाह से मेरा निवेदन है कि जो आम आदमी पार्टी की दिल्ली में पहले से लागू योजनाएं हैं जैसे फ्री बिजली/पानी, उनका फिर से बीजेपी के संकल्प पत्र में ऐलान मत कर देना प्लीज। बीजेपी का अपना क्या प्लान और विजन है, वो बताना।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### सरकार की प्रतिबद्धता



जीवन-घातक आपात स्थिति के रूप में, स्ट्रोक को तत्काल चिकित्सा ध्यान देने की आवश्यकता होती है। स्ट्रोक यूनिट नेटवर्क के विस्तार का सरकार का निर्णय सार्वजनिक स्वास्थ्य और गंभीर देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**-किरण मजूमदार शॉ, उद्यमी**

### रामायण का प्रसंग




हाल ही में राज्य नेता ने रामायण के एक प्रसंग के ऊपर जो नया संस्करण बताया उसके तथ्य को ढूंढने की बहुत कोशिश की पर कोई प्रमाण नहीं मिला, इसीलिये महत्वपूर्ण हो गया है कि पाठ्यक्रम के माध्यम से सही मार्गदर्शन दिया जाए।

**- सुनील लहरी, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# सेना में भर्ती के लिए युवाओं को आकर्षित कर रहा यूक्रेन



यूक्रेन में राष्ट्रपति कार्यालय में हाल में नियुक्त युद्धक्षेत्र कमांडर ने कहा है कि देश अपनी युद्ध क्षमता को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए 18 से 25 साल के युवाओं को आकर्षित करने के लिए भर्ती सुधार प्रक्रिया के अंतिम चरण में है। राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख कर्नल पावलो पालिसा ने पद संभालने के बाद विदेशी मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि यूक्रेन नए भर्ती विकल्प तलाश रहा है, क्योंकि सोवियत काल से विरासत में मिली वर्तमान भर्ती प्रणाली प्रगति में बाधा बन रही है। हालांकि यूक्रेन ने पिछले साल कानून पारित कर भर्ती की आयु 27 वर्ष से घटाकर 25 वर्ष कर दी थी, लेकिन इन उपायों का उतना प्रभाव नहीं पड़ा है, जितना कि रूस से युद्ध में सैनिकों की संख्या बढ़ाने या युद्ध के मैदान में हुई क्षति की भरपाई करने के लिए आवश्यक था। पालिसा के अनुसार यूक्रेन एक योजना पर काम कर रहा है, जिसमें वित्तीय प्रोत्साहन, प्रशिक्षण की गारंटी और सैनिकों व उनके कमांडरों के बीच संवाद सुनिश्चित करने के उपाय शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य मुख्य रूप से 18 से 25 वर्ष के युवाओं को आकर्षित करना है, जिन्हें फिलहाल सैन्य सेवा से छूट प्राप्त है।

## ऑफ बीट

# युद्ध घातक सूक्ष्मजीवों को बढ़ाने का काम करता है



इजराइल और हमास के बीच हाल ही में हुए युद्धविराम समझौते के बावजूद गाजा में युद्ध ने कई तरीके से अपने निशान छोड़े हैं। एक पहलू यह भी है कि कैसे अराजकता रोगाणुरोधी प्रतिरोध को बढ़ाने में सहायक साबित होती है। इस स्थिति में यह सूक्ष्मजीव उन दवाओं का सामना करने के काबिल हो जाते हैं, जिन्हें इन सूक्ष्मजीवों को मारने के लिए बनाया गया था। ये सूक्ष्मजीव 'सुपरबग' में बदल जाते हैं, जो पहले प्रभावी उपचारों को अप्रभावी बना देते हैं और वे संक्रमण, जिससे आप अतीत में उबर चुके हैं उसे घातक बना देते हैं। हम पहले ही गाजा और दुनिया भर के अन्य संघर्ष क्षेत्रों में रोगाणुरोधी प्रतिरोध के उदाहरण देख चुके हैं। रोगाणुरोधी प्रतिरोध वैश्विक स्तर पर एक बढ़ती हुई समस्या है। यह न केवल मानव स्वास्थ्य, बल्कि कृषि, खाद्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्थाओं को भी खतरे में डालती है। रोगाणुरोधी प्रतिरोध का प्रबंधन जटिल है और इसके संक्रमण को रोकने, रोगाणुरोधी एजेंटों के उपयोग पर सीमाएं और मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली सहित दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली होती है बाधित सशस्त्र संघर्ष स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को तबाह कर देते हैं। ऐसे संघर्ष अक्सर सीमित संसाधनों वाली जगहों पर होते हैं।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान


# ऐश्वर्या राय से लेकर दीपिका पादुकोण तक, इन हसीनाओं ने चलाया हैं कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने हुस्न का जादू




**कान्स फेस्टिवल में बॉलीवुड की कई हसीनाएं अपने हुस्न का जादू चलाती हैं और हॉलीवुड की हीरोइन को भी मात दे देती हैं। पिछले कुछ सालों में इन्हीं खूबसूरत बालाओं के कुछ लुक्स ऐसे थे जिन्हें खूब पसंद किया गया था।**

हर साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड की कई हसीनाएं अपने हुस्न का जादू चलाने आती हैं और इस बाल भी ऐसा ही कुछ होने वाला है। इस बार कान्स फिल्म फेस्टिवल 14 मई से 25 मई तक होने वाला है, तो क्यों न इससे पहले बॉलीवुड एक्ट्रेस के पिछले साल के लुक्स पर नजर डाल लें!




**2022 और 2023 में ऐश्वर्या चलाया जादू** ये ऐश्वर्या राय बच्चन के पिछले दो सालों के कान्स फिल्म फेस्टिवल लुक्स हैं, जिसमें 2022 में एश ने ब्लैक कलर का फ्लोरल गाउन कैरी किया था, जो Dolce and Gabbana का काउचर था, साथ ही 2023 में इस हसीना ने ब्लैक कलर-सिल्वर कलर का कोर्सेट और क्रिस्टल डिजाइन वाला गाउन पहना था।

**डिम्पल क्वीन का डांस 2022 का लुक** 2022 के कान्स फिल्म फेस्टिवल में डिम्पल क्वीन के दो लुक देखने को मिले जिसमें से एक में उन्होंने ब्लैक अबू जानी खोसला की वाइट कलर की रफल साड़ी कैरी की थी और दूसरे लुक में सब्यसाची की ब्लैक और गोल्डन साड़ी।

**देसी गर्ल प्रियंका का विदेसी लुक**

2019 के इवेंट में प्रियंका के दो लुक रहे थे, जिनमें ले एक ब्लैक और रेड कलर का शिमरी गाउन था और दूसरा वाइट कलर का कोर्सेट गाउन। दोनों में ही ये बाला गजब ढा रही थी।

**मृणाल का ने दिखाया ग्लैमर** साल 2023 के कान्स फेस्टिवल में मृणाल ठाकुर ने अपने देसी और विदेशी, दोनों लुक में अपना ग्लैमर दिखाया। इस बाला के दोनों ही आउटफिट को डिजाइनर फाल्गुनी शाने पीकॉक के डिजाइन थे।

**सारा भी पहुंची थी 2023 में** सारा अली खान अपने कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए आईवरी कलर के खूबसूरत लहंगा कैरी किया था जिसमें वो बहुत ही ज्यादा सुंदर दिख रही थीं। इसे फेमस डिजाइनर अबू जानी खोसला का से लिया गया था।

**मौनी का गॉर्जियस लुक** इस फिश टेल और ऑफ शोल्डर गाउन में मौनी बहुत ही ज्यादा गॉर्जियस दिख रही थी। इस हसीना का ये लुक कान्स फेस्टिवल के 2023 के इवेंट का है।

**डायना पेंटी का कान्स लुक** डायना पेंटी कॉकटेल की एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 के लिए आइवरी कलर की पफ स्लीव गाउन कैरी किया और अपने अपने हुस्न का जादू चलाया था।

# बिल गेट्स ने कहा 'इस उम्र से पहले न दें बच्चों को फोन', नहीं माने तो खुद बिगाड़ देंगे उसका फ्यूचर




***बिल गेट्स ने बताया कि उन्होंने अपने बच्चों को किस उम्र में मोबाइल फोन दिया था और सभी पेरेंट्स को बच्चों को मोबाइल देने के मामले में किन नियमों का पालन करना चाहिए।***

*__मोबाइल__ - इस नाम को सुनते ही आपको लगता होगा ये तो जिंदगा एक अहम हिस्सा बन गया है या यूं कह लीजिए कि कुछ लोगों के लिए तो यही उनकी जिंदगी है। अब ज्यादातर लोग मोबाइल के बिना एक पल भी नहीं रह पाते हैं। उन्हें पता होता है कि मोबाइल चलाने के नुकसान होते हैं लेकिन फिर भी वो इससे खुद को दूर नहीं रख पाते हैं।*

*बच्चों को भी अब कम उम्र से ही मोबाइल फोन की लत लगने लग गई है जो कि चिंता का विषय है। कई अध्ययनों में यह बात सामने आ चुकी है कि बच्चों को मोबाइल फोन चलाने से स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा रहता है। इस मामले में बिल गेट्स ने भी अपनी राय दी है।*

*__बिल गेट्स ने कब दिया था अपने बच्चों को फोन__ जहां आज के समय में दो साल की उम्र के बच्चे ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना शुरू कर देते हैं, वहीं बिल गेट्स ने अपने बच्चों को 14 साल की उम्र के बाद फोन दिया था। उनका कहना है कि उन्होंने अपने बच्चों को 14 साल के होने से पहले फोन यूज करने नहीं दिया था।*

***बच्चों को कब और क्यों देते थे फोन***

*बच्चों को कब और क्यों देते थे फोन*

*बिल गेट्स ने बताया कि वो अपने बच्चों को फोन का इस्तेमाल करने नहीं देते थे। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों का स्क्रीन टाइम भी तय कर रखा था और होमवर्क करने या पढ़ाई करने के लिए ही वो बच्चों को फोन का इस्तेमाल करने देते थे। ये एक अच्छा तरीका है अपने बच्चों को टीवी, मोबाइल और गैजेट्स से दूर रखने का। आप भी अपने बच्चों के लिए इस ट्रिक को अपना सकते हैं।*

*__कब नहीं देना मोबाइल__ बच्चों को फोन देने के मामले में बिल गेट्स का कहना है कि बच्चों को टेबल पर फोन चलाने के लिए नहीं देना चाहिए। बिल गेट्स के बच्चों की उम्र 14, 17 और 20 साल है और किसी के पास भी बचपन में आईफोन नहीं था।*

*__फोन देने की सही उम्र क्या है__ 2016 की किड्स एंड टेकः इ एवोल्यूशन ऑफ टुडेज डिजीटल नेटिव्स की एक रिपोर्ट के अनुसार मां-बाप को अपने बच्चों को 10 साल के होने के बाद ही फोन देना चाहिए। अगर आपके बच्चे को भी फोन की लत लग गई है या वो फोन के चक्कर में बाकी के कामों पर ध्यान नहीं दे रहा है, तो आप जल्द से जल्द उसकी इस लत को छुड़वाने पर काम करें।*

***बच्चों में मोबाइल की लत कैसे छुडाएं***

*इसके लिए सबसे पहले तो आपको खुद मोबाइल छोड़ना होगा। बच्चे पेरेंट्स को देखकर ही सीखते हैं इसलिए पहले आप बच्चों के सामने मोबाइल यूज करना बंद कर दें। इसके अलावा स्क्रीन टाइम सेट करें और बच्चे का एक टाइम टेबल बनाकर रखें जिसे फॉलो करना उसके लिए जरूरी हो।*

# Probiotics से जुड़ी ये बात झूठ है, पेट की कई समस्याओं के लिए कारगर हैं ये 5 चीजें

*प्रोबायोटिक्स का गट हेल्थ को सही रखने में क्या रोल होता है? क्या ये हमारी सेहत के लिए हमेशा फायदेमंद होते हैं? आइए एक्सपर्ट की मदद से ऐसे सभी सवालों के जवाब जानते हैं। Myths And Facts: Probiotics से जुड़ी ये बात झूठ है, पेट की कई समस्याओं के लिए कारगर हैं ये 5 चीजें खराब खानपान, और तेजी से बदलती लाइफस्टाइल के कारण कई लोग हमेशा पेट दर्द, गैस और कब्ज जैसी पेट से संबंधित समस्याओं से जूझते रहते हैं। इन सभी परेशानियों का सीधा संबंध खराब डाइजेशन से हैं। डाइजेशन बढ़िया रखने के लिए आमतौर पर प्रोबायोटिक्स लेने की सलाह दी जाती हैं। तो आइए जानते हैं कि प्रोबायोटिक्स क्या है, और उन्हें डाइट में शामिल क्यों करना चाहिए? हम प्रोबायोटिक्स से जुड़े मिथक और उनकी सच्चाई के बारे में जानेंगे।*

*__प्रोबायोटिक्स क्या होते हैं और हमारे लिए क्यों जरूरी हैं__? डॉ दीपक भंगाले (कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल) प्रोबायोटिक्स पर बात करते हुए कहते हैं, ''प्रोबायोटिक्स शरीर में मौजूद लाभकारी जीवित बैक्टीरिया हैं, जो हमारे पाचन तंत्र की इम्युनिटी को बढ़ाते हैं और डाइजेस्टिव सिस्टम व गट हेल्थ को दुरुस्त बनाते हैं। दही, छाछ, पनीर, इडली डोसा और ढोकला प्रोबायोटिक के अच्छे स्रोत हैं''.*




*प्रोबायोटिक्स से जुड़े मिथक और सच्चाई*

*Gut Health के लिए प्रोबायोटिक्स हमेशा फायदेमंद हैं?*

*<strong» Gut Health के लिए प्रोबायोटिक्स हमेशा फायदेमंद हैं?</ strong»*

*एक लाइन में कहें तो डाइजेस्टिव सिस्टम और गट हेल्थ के लिए प्रोबायोटिक्स बेहद जरूरी हैं। यही कारण है कि पेट की समस्या होने पर कई बार डॉक्टर कैप्सूल और सैश के रूप में प्रोबायोटिक लिखते हैं। मेडिकल टर्म में इन्हें मेडिकेटेड प्रोबायोटिक्स कहा जाता है। हालांकि, यह सच नहीं है कि प्रोबायोटिक्स हमेशा स्वास्थ्य के लिए अच्छे ही होते हैं। डॉक्टर की सलाह के बिना उन्हें नहीं लेना चाहिए। खासकर Short Bowel Syndrome के मरीजों को इनसे परहेज करना चाहिए।*

*दही के अलावा प्रोबायोटिक्स के नेचुरल सोर्स क्या हैं?*

*<strong» दही के अलावा प्रोबायोटिक्स के नेचुरल सोर्स क्या हैं?<*

*अगर आपको दही पसंद नहीं है तो आप छाछ, अचार, पनीर और कोम्बुचा को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। ये सभी नेचुरल प्रोबायोटिक्स माने जाते हैं।*

# 7 की जगह 6 नंबर की जर्सी में 'माही' ने काटा बवाल, नया अंदाज देखकर हर कोई हैरान








*IPL में चेन्नई सुपर किंग्स के किंग माही यानी कि महेंद्र सिंह धोनी का जलवा तो सभी देख ही रहे हैं, लेकिन यहां हम आपको बॉलीवुड और फैशन की दुनिया में धमाल मचा रही माही के स्टाइल से वाकिफ कराने वाले हैं। जिन्होंने अपने लेटेस्ट लुक्स से फैंस को दीवाना बना दिया है।*

*एक मई को सिनेमाघरों में आने वाली फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। जिसमें राजकुमार राव और जान्हवी कपूर के बीच शानदार लव केमिस्ट्री देखने को मिली है। रूही के बाद दोनों स्टार अब दूसरी बार एक साथ नजर आने वाले है। लेकिन नई फिल्म के ट्रैलर के साथ ही मिसेज माही का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस जान्हवी कपूर की खूब चर्चा हो रही है।*

*क्रिकेट की थीम पर बेस्ड इस फिल्म के प्रमोशन में अदाकारा का अलग ही अंदाज देखने को मिल रहा है। जहां साड़ी के ब्लाउज से लेकर स्कर्ट के टॉप तक 6 नंबर की जर्सी हाइलाइट हो रही है। एक्ट्रेस मूवी के प्रमोशन के साथ ग्लैमर का तड़का भी लगा रही है। 'धड़क' गर्ल के लेटेस्ट लुक ने तो फैंस के दिलों की धड़कने ही बढ़ा दी है। हर लुक से लोगों का दिल जीतने वाली जान्हवी का नया अंदाज भी सभी को खूब पसंद आ रहा है।(फोटो साभारः इंस्टाग्राम@janhvikapoor)*

***क्रिकेट जर्सी...ग्लैम साड़ी***

*ट्रैलर लॉन्चिंग के मौके पर जान्हवी कपूर की टू कलर साड़ी ने फैंस को काफी अट्रैक्ट किया। इस ग्लैमरस रेड एंड ब्लू साड़ी को मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। अदाकारा को स्टाइलिश बनाने का काम फैशन स्टाइलिस्ट एमी पटेल ने किया। एक्ट्रेस का आउटफिट क्रिकेट से इंस्पायर लग रहा था। इस साड़ी में जान्हवी का लुक ग्लैमरस होने के साथ ही स्टनिंग भी दिखा।*

***जर्सी नंबर 7 नहीं 6...***

*जान्हवी के इस स्टाइल की USP उनका ब्लाउज रहा। हॉल्टर नेक और स्लीवलेस में डिजाइन ब्लाउज को सीक्वेंस एम्ब्रॉयडरी से सजाया गया है। जिसके बैक साइड पर वाइट सितारों से कढ़ाई कर जर्सी नंबर 6 और माही लिखा है। जिसे देखकर लगता है कि इस मूवी में एक्ट्रेस की जर्सी का नंबर 6 हो सकता है। हालांकि फिल्म के प्रमोशन में ब्लाउज को हाइलाइट करके अदाकारा ने खूब लाइमलाइट बटोरी हैं।*

***जूलरी सिलेक्शन रहा परफेक्ट***

*एक्ट्रेस ने रेड एंड ब्लू साड़ी के ग्लैम को बरकरार रखने के लिए मिनिमल जूलरी ही सिलेक्ट की। उन्होंने लेटेस्ट लुक के लिए सिर्फ क्लासिक सिल्वर हूप इयररिंग्स ही पहने। इसके अलावा मेकअप के लिए मूंगा-थीम वाले पैलेट का ऑप्शन चुनते हुए ब्राउन शैड्स लिप्सटिक और खुले बालों से लुक कंप्लीट किया। इस साड़ी में जान्हवी का ऑवररोल लुक बेहद ही गॉर्जियस था।*

***रेट्रो इंस्पायर्ड आउटफिट***

*वैसे इसके पहले भी जान्हवी कपूर का फिल्म प्रमोशन को लेकर अलग अंदाज देखने को मिला। अदाकारा फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता के कलेक्शन से पिंक क्रॉप टॉप और ब्लैंक एंड वाइट फ्लेयर्ड स्कर्ट में नजर आई। इस रेट्रो इंस्पायर्ड आउटफिट को भी स्टाइलिस्ट एमी पटेल ने स्टाइल किया था। जिसमें जान्हवी का स्टनिंग लुक सभी का ध्यान खींच रहा था।*

*__शिमरी टॉप पर जर्सी नंबर__ जान्हवी ने ब्लैक एंड वाइट स्ट्रिप्स वाले फ्लेयर्ड स्कर्ट को शिमरी पिंक टॉप के साथ स्टाइल किया। स्क्वायर नेकलाइन वाले क्रॉप टॉप के फ्रंट साइड पर जर्सी नंबर 6 लिखा हुआ है। जो अदाकारा के आउटफिट में टीजिंग फैक्टर एड करने का काम कर रहा है। इसके अलावा जान्हवी ने जूलरी को मिनिमल रखते हुए हार्ट शेप इयररिंग्स और रिंग से लुक को कंप्लीट किया। लो-की हेयरस्टाइल और बेसिक पोनीटेल के साथ अदाकारा कमाल की लग रही थीं।*




अलग पहचान
सत्य की उड़ान





अभी संन्यास नहीं...

जोकोविच से शुक्रवार को पूछा गया कि क्या उन्होंने मेलबर्न पार्क में अपना अंतिम मैच खेल लिया है तो इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'मेरे लिए फिर से मौका हो सकता है। कौन जानता है। मैं सत्र में आगे अपने प्रदर्शन पर गौर करूंगा। मैं अभी खेलना जारी रखना चाहता हूं।'

ऑस्ट्रेलियन ओपन

पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवाने के बाद लिया फैसला

# जोकोविच ने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण छोड़ा सेमीफाइनल मुकाबला, फाइनल में पहुंचे अलेक्जेंडर

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

नोवाक जोकोविच चोटिल होने के कारण शुक्रवार को यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद मैच से हट गए। जोकोविच ने पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का फैसला किया। इस तरह से ज्वेरेव फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान जोकोविच की पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उन्होंने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया और उसके बाद कोर्ट से बाहर चले गए। दर्शक हालांकि उनके फैसले से खुश नहीं दिखे।

जोकोविच ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में अपने पैर में दर्द का जिक्र करते हुए कहा, 'यह और भी बदतर होता जा रहा था। मैं अगर पहला सेट जीत भी लेता तब भी मेरे लिए आगे खेलना मुश्किल होता।'

## दूसरी बार चोट के कारण हटे

जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 11वां और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में थे। उनके और ज्वेरेव के बीच एकमात्र सेट एक घंटे 20 मिनट तक चला। यह पिछले चार ग्रैंड स्लैम में दूसरा अवसर है जबकि जोकोविच को चोट के कारण प्रतियोगिता के बीच से हटना पड़ा। वह पिछले साल घुटने की चोट के कारण फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल से हट गए थे। इसके बाद हालांकि उन्होंने विंबलडन के फाइनल में जगह बनाई थी और फिर पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।





## ज्वेरेव-सिनर में होगा खिताबी मुकाबला

दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना इटली के मौजूदा चैंपियन और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा। ज्वेरेव 2020 में अमेरिकी ओपन और 2024 में फ्रेंच ओपन के उपविजेता रहे हैं। गत चैंपियन यानिक सिनर तीसरे सेट में पैर की जकड़न से जूझने के बावजूद शुक्रवार को यहां बेन शेल्टन को 7-6, 6-2, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे साल पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई और तीसरे ग्रैंडस्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ाए।

## जोकोविच के फैसले का किया बचाव

ज्वेरेव ने जोकोविच के मैच से हटने के फैसले का बचाव करते हुए दर्शकों से अपनी नाराजगी दूर करने का आग्रह किया। ज्वेरेव ने कहा, 'जब कोई खिलाड़ी चोट के कारण मैच से हटने का फैसला करता है तो कृपया उस पर अपना गुस्सा नहीं उतारें। मैं जानता हूं कि हर किसी ने टिकटों के लिए भुगतान किया है और हर कोई पांच सेटों का शानदार मैच देखना चाहता है। लेकिन आपको यह समझना होगा कि नोवाक जोकोविच ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने पिछले 20 वर्षों से इस खेल को अपने जीवन का सब कुछ दिया है।'

## गैडेकी-पीयर्स को मिश्रित युगल का खिताब



ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स ने शुक्रवार को यहां अपने घरेलू दर्शकों के सामने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। गैडेकी और पीयर्स ने फाइनल में जॉन-पैट्रिक स्मिथ और किम्बर्ली बिरेल को 3-6, 6-4, 10-6 से पराजित किया। यह 1967 के बाद पहला अवसर है जबकि ऑस्ट्रेलिया की कोई जोड़ी यहां मिश्रित युगल में चैंपियन बनी। पीयर्स का यह तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। वह इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल और अमेरिकी ओपन में मिश्रित युगल का खिताब जीत चुके हैं। उनके नाम पर पुरुष युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक भी दर्ज है।

## खबर संक्षेप



### भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम सम्मानित

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने श्रीलंका के कोलंबो में शारीरिक रूप से दिव्यांग क्रिकेटरों की चैंपियंस ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत के लिए शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम को सम्मानित किया। मंगलवार को कटुनायके के एफटीजेड क्रिकेट ग्राउंड्स में रोमांचक फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 79 रन से हराया। मांडविया ने एक बयान में कहा, 'यदि आप दिव्यांग हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप देश को गौरवांवित नहीं कर सकते। आपकी जीत इसका प्रमाण है।'

### ग्रिफिथ बने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी कोच

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों की अगली पीढ़ी को तैयार करने के उद्देश्य से एडम ग्रिफिथ को अपना नया राष्ट्रीय तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।



मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस सभी 30 की उम्र पार कर चुके हैं इसलिए ग्रिफिथ को टेस्ट क्रिकेट जैसे बड़े मुकाबलों के लिए तेज गेंदबाजों को तैयार करने का काम सौंपा जाएगा। ग्रिफिथ 46 वर्ष के हैं और ऑस्ट्रेलिया के पुरुष कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और मौजूदा गेंदबाजी कोच डेनियल विटोरी के अधीन काम करेंगे।

### पार्ल रॉयल्स ने एसए 20 में डरबन को हराया

**डरबन।** पार्ल रॉयल्स ने डरबन सुपर जाइंट्स को पांच विकेट से हराकर एसए 20 के तीसरे सत्र में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। रॉयल्स के अब 20 अंक है और प्लेआफ के लिये क्वालीफाई करने वाली वह पहली टीम बनने के करीब है। दूसरी ओर सुपर जाइंट्स आठ अंक लेकर तालिका में नीचे है। रॉयल्स ने सुपर जाइंट्स को सात विकेट पर 142 रन पर रोक दिया। रॉयल्स के लिए रुबिन हेर्नान ने 22 गेंद में 44 रन बनाए। स्पिनर नूर अहमद एक ही विकेट ले सके जो हेर्नान का था। मिचेल वान बूरेन ने भी 44 रन की पारी खेली।

### अनुष ने अपने घोड़े मन्नी को दी विदाई

**नई दिल्ली।** भारत के एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता राइडर अनुष अग्रवाला ने शुक्रवार को अपने घोड़े मन्नी के साथ सात साल पुरानी सफल साझेदारी के अंत की घोषणा की। यह घोड़ा प्रतिस्पर्धी खेलों से 'रिटायर' हो गया है।



हांगझोउ एशियाई खेल 2023 ड्रेसेज टीम स्पर्धा में स्वर्ण और व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले अनुष ने अपने घोड़े को भावुक विदाई दी। अनुष ने कहा कि मन्नी रिटायर होंगे और अब प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे।

क्रिकेट : आईसीसी की टेस्ट और वनडे टीम घोषित

# बुमराह, जडेजा, जायसवाल आईसीसी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह, अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शुक्रवार को 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह मिली। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को कप्तान बनाया गया है। बुमराह ने 2024 में शानदार प्रदर्शन किया और प्रत्येक टीम तथा प्रत्येक उस बल्लेबाज पर दबदबा बनाया जिसे उन्होंने गेंदबाजी की।

वह टेस्ट क्रिकेट में 20 से कम की औसत से कम से कम 200 विकेट चटकाने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने और इतिहास में अपना नाम लिखवाया। बुमराह ने 2024 में 14.92 के औसत से 71 विकेट चटकाए और टेस्ट क्रिकेट में साल में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज रहे। जडेजा ने 2024 में 29.27 के औसत से 527 रन बनाने के अलावा 24.29 के प्रभावी औसत से 48 विकेट भी चटकाए। जायसाल ने कैलेंडर वर्ष में 54.74 के प्रभावी औसत से कुल 1478 रन बनाए। उनसे अधिक रन सिर्फ इंग्लैंड के जो रूट (2024 में 55.57 के औसत से 1556 रन) बना पाए।



**साल की सर्वश्रेष्ठ टीम :** पैट कमिंस (कप्तान) (ऑस्ट्रेलिया), यशस्वी जायसवाल (भारत), बेन डकेट (इंग्लैंड), केन विलियमसन (न्यूजीलैंड), जो रूट (इंग्लैंड), हैरी ब्रूक (इंग्लैंड), कामिंदु मेंडिस (श्रीलंका), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), रविंद्र जडेजा (भारत), मैट हेनरी (न्यूजीलैंड) और जसप्रीत बुमराह (भारत)।

## मंधाना-दीप्ति महिला वनडे टीम में शामिल





**दुबई।** स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की शुक्रवार को जारी वर्ष 2024 की महिला वनडे टीम में शामिल किया गया है लेकिन पुरुष टीम में किसी भी भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं मिली। मंधाना ने पिछले साल 13 मैच में 747 रन बनाए तथा वह 2024 में महिला वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। दीप्ति ने भी पिछले साल 13 मैच खेले जिसमें उन्होंने 186 रन बनाने के अलावा 24 विकेट भी लिए।

### महिला वनडे टीम

स्मृति मंधाना (भारत), लौरा वोलवार्ट (कप्तान) (दक्षिण अफ्रीका), चमारी अथापत्थु (श्रीलंका), हेले मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), मारिजैन कप्प (दक्षिण अफ्रीका), एशले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया), एमी जोन्स (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), दीप्ति शर्मा (भारत), सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड), केट क्रॉस (इंग्लैंड)।

### पुरुष वनडे टीम

चैरिथ असलांका (कप्तान) (श्रीलंका), सईम अयूब (पाकिस्तान), गुरबाज (अफगानिस्तान), पथुम निसांका (श्रीलंका), कुसल मेंडिस (विकेटकीपर) (श्रीलंका), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्टइंडीज), अजमतुल्लाह (अफगानिस्तान), वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ (पाकिस्तान), एएम गजनफ़र (अफगानिस्तान)।

रणजी ट्रॉफी : जडेजा ने किए 12 शिकार, बाकी स्टार क्रिकेटर फेल



एजेंसी ▶▶| मुंबई

रविंद्र जडेजा रणजी ट्रॉफी में अपेक्षाओं पर खरे उतरने वाले एकमात्र भारतीय स्टार क्रिकेटर रहे जबकि रोहित शर्मा और ऋषभ पंत ने निराश किया। जडेजा ने राजकोट में हुए मैच में सौराष्ट्र के लिए 12 विकेट चटकाए जिसमें पांच पहली और सात दूसरी पारी में लिए। उनके इस प्रदर्शन के दम पर सौराष्ट्र ने दिल्ली को ग्रुप डी के मैच में दस विकेट से हराकर एक बोनस अंक भी लिया। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज पंत दोनों पारियों में नाकाम रहे और एक तथा 17 रन ही बना सके।

भारतीय टीम के परिप्रेक्ष्य में जडेजा का प्रदर्शन ही सकारात्मक रहा क्योंकि गत चैंपियन मुंबई के लिए रणजी क्रिकेट में वापसी करने वाले रोहित शर्मा का बल्ला खामोश ही रहा। रोहित जम्मू कश्मीर के खिलाफ पहले दिन तीन रन ही बना सके। उन्होंने दूसरी पारी में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। जायसवाल रणजी मैच की दो पारियों में चार और 26 रन बना सके। श्रेयस अय्यर दूसरी पारी में 16 गेंद में 17 रन ही बना पाए। अय्यर ने पहली पारी में सात गेंद में 11 रन बनाए।

## शारदुल का जुझारू शतक



शारदुल ठाकुर के जुझारू शतक से खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई की टीम ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मैच के दूसरे दिन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ वापसी करने की कोशिश की। पहली पारी में 86 रन से पिछड़ने के बाद मुंबई ने दूसरी पारी में 101 रन तक सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन शारदुल (नाबाद 113 रन) ने तनुष कोटियान (नाबाद 58) के साथ आठवें विकेट के लिए 173 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने शारदुल और कोटियान की पारियों की बदौलत सात विकेट पर 274 रन बनाकर 188 रन की बढ़त हासिल कर ली है।

## वापसी करने भारत पर दबाव डालना होगा : ब्रूक

**चेन्नई।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने शुक्रवार को कहा कि अगर इंग्लैंड कोलकाता में सात विकेट से मिली करारी हार से उबरकर श्रृंखला बराबर करना चाहता है तो मेहमान टीम को भारत पर लगातार दबाव बनाना होगा। ईडन गार्डन्स में जीत के बाद भारत पांच मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है। ब्रूक ने दूसरे टी20 मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हम बिलकुल भी दबाव में नहीं हैं। भारत एक बहुत अच्छी टीम है इसलिए हम जानते थे कि वे हमें कड़ी टक्कर देंगे और हां, उन्होंने शानदार खेल दिखाया।'



## टाटा स्टील शतरंज : गुकेश आज अब्दुसत्तोरोव से भिड़ेंगे

**विज्क आन ज़ी।** विश्व चैंपियन डी गुकेश टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में पहले विश्राम दिवस के बाद छठे दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से भिड़ेंगे, जबकि आर प्रज्ञाननंदा का सामना चीन के गत चैंपियन वेई यी से होगा। प्रज्ञाननंदा और अब्दुसात्तोरोव पांच दौर के बाद चार-चार अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं जबकि गुकेश 3.5 अंक लेकर स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के साथ तीसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में अभी आठ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। प्रज्ञाननंदा ने अब तक तीन जीत हासिल की हैं और दो ड्रॉ खेले हैं।



## आईटीएफ डब्लू100 टूर्नामेंट में हारी सहजा

**बेंगलुरु।** भारत की सहजा यमलापल्ली को शुक्रवार को यहां केपीबी ट्रस्ट महिला ओपन टेनिस टूर्नामेंट के कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आठवीं वरीय सारा बिजलेक के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। चेक गणराज्य की सारा ने सहजा को सीधे सेट में 6-4, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत लियोलिया जीनजीन से होगी। फ्रांस की लियोलिया ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए कनाडा की दूसरी वरी रेबेका मारिनो को 3-6, 7-5, 7-5 से रहाया। एक अन्य सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय जर्मनी की तातयाना मारिया की भिड़ंत चेक गणराज्य की लिंडा फ्रुविरतोवा से होगी।



## पाकिस्तान, नेपाल ने जीते चौथे स्थान के प्लेऑफ मैच

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप





पाकिस्तान और नेपाल ने शुक्रवार को यहां आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में चौथे स्थान के प्लेऑफ मैच जीते। युवा तेज गेंदबाज हनिया अहमर के चार विकेट के दम पर पाकिस्तान ने समोआ को 52 रन से पराजित किया।

दूसरी तरफ नेपाल ने कम स्कोर वाले मैच में मलेशिया को सात विकेट से हराया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 136 रन बनाए और फिर इसके बाद समोआ को 18.5 ओवर में 84 रन पर आउट कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से हनिया ने 20 रन देकर चार विकेट लिए। एक अन्य मैच में नेपाल ने मलेशिया को केवल 45 रन पर ढेर कर दिया और फिर 11 ओवर में तीन विकेट पर 47 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कप्तान पूजा महतो ने चार और रचना चौधरी ने तीन विकेट लिए।

पांच मैचों की श्रृंखला में भारतीय टीम बढ़त हासिल करने में सफल

# शमी की फिटनेस पर नजर, भारत का दूसरा टी-20 आज

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर चल रही चिंताओं के बीच भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरा टी20 जीत विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य के साथ मैदान पर उतरेगी।

भारत ने बुधवार को कोलकाता में पहला मैच सात क्रिकेट से जीत कर पांच मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की थी। भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी लेकिन यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। भारत को हालांकि पहले मैच में इस 34 वर्षीय तेज गेंदबाज की कमी नहीं खली। इस मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन करके भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।



## स्पिनरों को पिच से मिलेगी मदद

ईडन गार्डंस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी लेकिन यहां चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक मदद मिलने की संभावना है। ऐसी परिस्थितियों में वरुण, उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई का अंतिम एकादश में बने रहना तय है। इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी स्पिनर आदिल रशीद और लियम लिविंगस्टोन भारतीय बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश करेंगे।

## सैमसन करेंगे पलटवार

अभिषेक और सैमसन ने पहले मैच में भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी तथा यह दोनों एक बार फिर से उसे दोहराना चाहेंगे। पिछले छह मैच में तीन शतक बनाने वाले सैमसन लंबी पारी नहीं खेल पाए थे लेकिन अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रन की तूफानी पारी खेली थी। सैमसन यहां पहले मैच की भरपाई करना चाहेंगे। अभिषेक और सैमसन की सलामी जोड़ी को अगर अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत रखना है तो उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी।

# भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियान ने मलेशिया में जीता खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियान पन्नीरसेल्वम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया में नौवें जोहोर इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। तमिलनाडु के इरोड के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने नौ बाजियों में 8.5 अंक हासिल किए। उन्होंने इस दौरान चार अंतरराष्ट्रीय मास्टर और एक ग्रैंड मास्टर को हराया। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 1.5 अंक आगे रहे।

गुरुवार को समाप्त हुए नौ दौर के टूर्नामेंट में आठ देशों के 84 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनियान ने आठवें दौर में इंडोनेशिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर नायक बुद्धिधर्मा को हराकर 1.5 अंक की बढ़त हासिल करके पहले ही खिताब अपने नाम पर सुरक्षित कर लिया था। भारत के अंतरराष्ट्रीय मास्टर वीएस राहुल दूसरे और चीन के अंतरराष्ट्रीय मास्टर ली बो तीसरे स्थान पर रहे।

